नई दिल्ली
शनिवार, 6 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 143
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 को
## 9 घंटे पहले ही लग जाएगा सूतक



**नई दिल्ली।** साल का आखिरी चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट की होगी। यह चंद्रग्रहण 7 तारीख की रात में 9 बजकर 57 मिनट पर लगेगा। रात में 11 बजकर 1 मिनट से लेकर 12 ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बोले जायसवाल, मामले को भारतीय उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया है

# प्रवासियों के खिलाफ हो रहे विरोध-प्रदर्शनों को लेकर ऑस्ट्रेलिया के संपर्क में भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में पिछले महीने के अंत में यानी 31 अगस्त को हुए विरोध-प्रदर्शनों के मामले को लेकर भारत ऑस्ट्रेलिया की सरकार और वहां मौजूद भारतीय समुदाय के संपर्क में बना हुआ है। वहां मौजूद भारतीय उच्चायोग, कांसुलेट ने मामले को ऑस्ट्रेलियाई पक्ष के सामने मजबूती से उठाया है। इसके अलावा नई दिल्ली की सरकार ने विदेशों में रहने वाले अपने सभी नागरिकों के लिए काम करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में दी है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**टैरिफ की चुनौती के बीच 8 सितंबर को ब्राजील की अध्यक्षता में होगा ब्रिक्स का वर्चुअल शिखर सम्मेलन, जयशंकर भाग लेंगे**



### पाक को कूटनीतिक माध्यमों से भेजा डाटा

*उन्होंने भारत की तरह ही भयंकर बाढ़ से जूझ रहे पाकिस्तान के संबंध में पूछे गए एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक माध्यमों के जरिए अत्यधिक बाढ़ से जुड़ा हुआ डाटा साझा किया है। जो कि हमारे द्वारा मानवीय आधार पर उठाया गया कदम है। मौजूदा परिदृश्य के बीच यह आवश्यक था। जिसे देखते हुए इस्लामाबाद में मौजूद भारतीय उच्चायोग की तरफ से पाकिस्तान को यह जानकारी दी गई है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगामी संभावित भारत यात्रा को लेकर रणधीर ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ बने हुए भारत के दीर्घकालिक संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम उनकी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं की पूर्ति करते रहेंगे। हम अफगान प्राधिकारियों के साथ संपर्क में बने हुए हैं। जर्मनी में लंबे वक्त से फॉस्टर केयर में रह रही भारतीय बच्ची अरिहा शाह का मामले पर उन्होंने कहा कि मुद्दे को विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने जर्मनी के विदेश मंत्री के समक्ष उठाया था। जर्मनी में भारत के कूटनीतिक मिशन के जरिए अरिहा को पढ़ने के लिए पुस्तकें दी गई हैं। इसके अलावा स्वदेशी सांस्कृतिक परिवेश के तहत उसके लालन-पालन के संदर्भ में भी जरूरी व्यवस्थाएं बनी हुई हैं। जिसमें हाल ही में किया मंदिर का दौरा भी शामिल है।*

### 8 सितंबर को होगा ब्रिक्स सम्मेलन

*जायसवाल ने कहा कि ब्राजील इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने अगले सप्ताह 8 सितंबर को समूह के नेताओं का एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन भी आयोजित किया है। जिसमें भारत की तरफ विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर भाग लेंगे। भारत की मेजबानी में इस वर्ष होने वाली क्वाड की शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति की भागीदारी से जुड़े प्रश्न के जवाब में रणधीर ने कहा कि भारत लगातार अमेरिकी पक्ष के साथ व्यापार के मामलों को लेकर बातचीत कर रहा है। अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान की सदस्यता वाला क्वाड एक मूल्यवान मंच है। जिसके केंद्र में सभी भागीदार देशों के साझा हित हैं। जहां तक समूह के शिखर सम्मेलन का सवाल है तो उसे क्वाड समूह के भागीदारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों के जरिए तय किया जाता है। वहीं, यूक्रेन विवाद के मामले में भारत शांति स्थापित करने वाले सभी प्रयासों की सराहना करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हालिया समय में इस मामले पर दुनिया के कई देशों के नेताओं के साथ बातचीत की है। हम उम्मीद करते हैं कि सभी पार्टियां रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगी। भारत यूक्रेन विवाद की जल्द समाप्ति के साथ ही चिरस्थायी शांति स्थापित किए जाने के पक्ष में है।*

### अजरबैजान-आर्मेनिया ने मांगी एससीओ की सदस्यता

*उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। जिसे देखते हुए चीन के तियानजिन में हुए समूह के शिखर सम्मेलन के दौरान अजरबैजान और आर्मेनिया ने भी एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है। लेकिन चीन में समय की कमी की वजह से इस* ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ नोटिस जारी




**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति, व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। 60.48 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में ये फैसला लिया गया है। पुलिस के अनुसार कपल की लगातार विदेश यात्राओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम जांच को बाधित होने से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### छठ पर लॉन्च होगी पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। भारतीय रेलवे ने ट्रेन की लॉन्चिंग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। नई टेक्नोलॉजी से लैस यह ट्रेन लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है। सबसे पहले यह ट्रेन दिल्ली से बिहार के लिए चलाई जा सकती है।

### ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री का एक्स खाता बैन



**नई दिल्ली।** भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था। उसके बाद गृह मंत्रालय ने इसे रोकने का निर्देश दिया।

### टैरिफ संकट के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान...

# अमेरिका ने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया

**ट्रूथ सोशल पर की गई राष्ट्रपति ट्रंप की इस पोस्ट को लेकर मौन भारत**

**हालांकि पीटर नवारो के ब्राह्मण मुनाफाखोर वाले बयान को रणधीर जायसवाल ने किया सिरे से खारिज**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका संबंधों में बने हुए तनाव के बीच बीते दिनों तियानजिन में संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से आई तस्वीरों के बाद से ऐसा लगता है कि पश्चिम के देशों जिनमें खासकर अमेरिका के राष्ट्रपति को गहरा सदमा लगा है। ट्रूथ सोशल पर शुक्रवार को की गई उनकी ताजा पोस्ट भी इसकी पुष्टि करती हुई नजर आ रही है। जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जिनपिंग-पुतिन और पीएम मोदी की एससीओ की ही एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो'। रूस से कच्चे तेल की खरीद पर नाराज होकर अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का यह एक बहुत बड़ा बयान है। भारत ने फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप की इस पोस्ट को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से 5 सितंबर को राजधानी में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर सवाल किया गया था। जिस पर उन्होंने फिलहाल कोई टिप्पणी करने से साफतौर पर इंकार कर दिया। लेकिन दूसरी तरफ एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिका के राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की भारत में ब्राह्मण मुनाफाखोर वाले बयान को लेकर दो टूक अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। उधर, इस समूचे घटनाक्रम के बीच यह पहला मौका नहीं है। जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल पर यूं पोस्ट कर भारत, चीन या रूस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले भी वह टैरिफ व अन्य मुद्दों को लेकर दुनियाभर के देशों के खिलाफ तीखी टिप्पणियां कर चुके हैं। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप ने साझा की शी-पुतिन-मोदी की तस्वीर

*अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपनी पोस्ट में एससीओ सम्मेलन से जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है। जिसके केंद्र में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उसकी एक तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर आ रहे हैं। तस्वीर में चीन-रूस और भारत के शीर्ष नेताओं के बीच की केमिस्ट्री साफ तौर पर नजर आ रही है। बीते दिनों टैरिफ को लेकर बने हुए अमेरिका के अड़ियल रुख को लेकर रूस के राष्ट्रपति भी उसकी तीखी आलोचना कर चुके हैं। जिसमें उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अमेरिका भारत और चीन जैसे दो बड़े आबादी वाले देशों के साथ ऐसे बात नहीं कर सकता है। उपनिवेशवाद का दौर गुजरे जमाने की बात हो गई है। भारत भी अमेरिकी टैरिफ को साफ तौर पर अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए कह चुका है कि उसकी तेल खरीद के पीछे राष्ट्रीय हितों और आम जनता की ऊर्जा जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। ऐसे समय में जब अमेरिका स्वयं रूस से व्यापार कर रहा है तो उसे भारत के ऐसा करने पर परेशानी क्यों है?*

### नवारो का बयान गुमराह करने वाला: जायसवाल

*वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के भारत में ब्राह्मण मुनाफाखोर वाले बयान को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सिरे से खारिज करते हुए सख्त लहजे में कहा कि हमने नवारो के गलत और गुमराह करने वाले बयान देखे हैं। जिन्हें भारत अस्वीकार करता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत चाहता है कि इस साझेदारी में जो मुद्दे तय किए गए हैं, उन पर काम करके हम उन्हें आगे लेकर जाएंगे। इसके अलावा दोनों देशों के संबंध साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। जिनमें हमने कई उतार-चढ़ाव और चुनौतियां भी देखी हैं। लेकिन हम इसके ठोस एजेंडे पर ही ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका प्रतिबद्ध हैं और यह उम्मीद करते हैं कि हमारे संबंध साझा मूल्यों और सम्मान के तहत ही आगे बढ़ेंगे। अमेरिका के अलास्का में दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच युद्धाभ्यास जारी है। हाल ही में दोनों देशों के बीच टू प्लस टू की बैठक भी हुई थी। साथ ही रक्षा नीति समूह के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया था। जायसवाल के मुताबिक, दोनों देशों के बीच आवाजाही बनी हुई है और हम प्रतिबद्ध हैं कि इस साझेदारी को और अधिक मजबूत करें। बताते चलें कि पूर्व में नवारो ने 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का बचाव करते हुए कहा था कि भारत में ब्राह्मण भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफा कमा रहे हैं।*

### सम्मानित शिक्षकों की सूची में शामिल हुए दिल्ली, हरियाणा, मध्य-प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुल 6 शिक्षक

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 81 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-25 से किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस के मौके पर राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित किए गए एक समारोह में 81 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया। जिसमें दिल्ली के 1, हरियाणा के 2, मध्य-प्रदेश के 2 और छत्तीसगढ़ के 1 शिक्षक भी शामिल हैं। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का उद्देश्य भारत को ज्ञान की वैश्विक महाशक्ति बनाना है। जिसके लिए यह अनिवार्य है कि हमारे शिक्षकों की पहचान दुनिया के बेहतरीन शिक्षकों के रूप में हो। हमारे संस्थानों और शिक्षकों को शिक्षा के तीन क्षेत्रों (स्कूली, उच्च शिक्षा और कौशल संबंधी शिक्षा) में सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारे शिक्षक अपने निर्णायक योगदान से देश को ज्ञान की वैश्विक महाशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करेंगे। राष्ट्रपति के मुताबिक, बच्चों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार, समर्पित विद्यार्थी उन छात्रों से बेहतर होते हैं। जो केवल किताब ज्ञान, प्रतिस्पर्धा और ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शिक्षक दिवस पर बोले पीएम मोदी

## शिक्षकों की प्रतिबद्धता और करुणा उल्लेखनीय

*हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस पर देशभर के शिक्षकों को बधाई दी और उनके समर्पण को "उल्लेखनीय" बताया। पीएम मोदी ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और करुणा उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद है। उन्होंने भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शिक्षण परंपरा आज भी समाज को प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा, "शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ विशेष रूप से मेहनती शिक्षकों को! मस्तिष्कों के पोषण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और करुणा वास्तव में प्रेरणादायी है।"*

### संसदीय स्थाई समिति की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बोला मोदी सरकार पर तीखा हमला

# कांग्रेस की मांग: एससी-एसटी-ओबीसी वर्ग के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करे मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने संसदीय स्थाई समिति की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग दोहराई है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि मोदी सरकार जानबूझकर एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के बच्चों को शिक्षा से



डॉ. अनिल जयहिंद

वंचित कर रही है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या के साथ शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत थी, लेकिन सरकारी स्तर पर यह प्रयास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बहुजन समाज शिक्षा से वंचित

*वहीं ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने भी केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दौर एससी, एसटी और ओबीसी के लिए सबसे अंधकारमय रहा है। शिक्षा के निजीकरण और महंगी फीस के जरिए बहुजन समाज को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि देश में 517 निजी यूनिवर्सिटी हैं, जिनमें कोई आरक्षण नहीं है। देश में 45 हजार से ज्यादा डिग्री कॉलेज हैं, जिनमें 78.5 प्रतिशत कॉलेज निजी हैं, इनमें आरक्षण नहीं है। उन्होंने ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर की सीमा को संशोधित न किए जाने का मुद्दा भी उठाया।*

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक, सामरिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# अगले सप्ताह 9 सितंबर से भारत दौरे पर रहेंगे मॉरीशस के प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ से उत्पन्न आर्थिक अस्थिरता के बीच अगले सप्ताह 9 सितंबर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम भारत की आठ दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल में उनके द्वारा की जाने वाली यह पहली विदेश यात्रा होगी। जिसमें वो भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम की भारत यात्रा 9 से 16 सितंबर ▸▸ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### भारत के लिए कई मायनों में खास मॉरीशस

बीते मार्च महीने में की गई भारतीय प्रधानमंत्री की मॉरीशस यात्रा के बाद की जा रही पीएम रामगुलाम की यह महत्वपूर्ण भारत यात्रा है। जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। भारत-मॉरीशस के बीच एक निकट और विशेष संबंध भी हैं। जिसकी जड़ें साझा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संबंधों से जुड़ी हुई हैं। मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी देश है। साथ ही वह देश के महासागर विजन, पड़ोस सबसे पहले नीति और ग्लोबल साउथ में भी विशेष स्थान रखता है।

### एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर फ्लाइट के इंजन में खराबी

# पायलट ने 'पैन-पैन' कॉल के बाद सुरक्षित उतारा विमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



**विमान में सवार थे 161 यात्री, सभी सुरक्षित**

दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के इंजन में शुक्रवार को उड़ान के दौरान खराबी आ गई। पायलट ने इमरजेंसी हालात को देखते हुए 'पैन-पैन' कॉल की और इसे इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। विमान को उतरने में 20 मिनट का वक्त लगा। विमान में सवार सभी 161 यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने के बाद हमने सभी ऐहतियाती कदम उठाए और विमान सुबह 9.55 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरा। तय कार्यक्रम के अनुसार, विमान को सुबह 9.35 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरना था। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि इंदौर में उतरते समय तेल फिल्टर में दिक्कत के कारण विमान उतर गया। हमारे पायलट ऐसे एहतियाती उपाय करने के लिए अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं। 'पैन-पैन' अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समुद्री और हवाई रेडियो कम्युनिकेशन में इस्तेमाल होने वाला एक संकेत है। एविएशन के मामले में इसका मतलब होता है कि विमान ऐसी इमरजेंसी स्थिति में है जिसमें तुरंत सहायता की जरूरत है लेकिन स्थिति जानलेवा नहीं है।

### वित्तमंत्री ओपी चौधरी से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

# जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा




### चौधरी ने कहा, मोदी में साहसिक फैसले लेने की क्षमता, उनके नेतृत्व में ही भारत विकसित होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पीएम नरेंद्र मोदी देश को 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं। जीएसटी में जो बदलाव किए गए हैं, वो विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला बड़ा कदम है। यह बातें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्थक संवाद में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से की। पेश हैं संवाद के प्रमुख अंश।




- लोग हैरत में तो हैं ही, आप खुद कितने में थे जब आपको पता चला कि जीएसटी में इतने बड़े बदलाव किए जाने वाले हैं?
- प्रधानमंत्री बिग रिफार्म के लिए जाने जाते हैं। आज हम जीएसटी की चर्चा कर रहे हैं, कुछ समय पहले उन्होंने इसी तरह से आयकर के मामले में किया था।
- अभी तो चुनाव भी नहीं है, क्या सरकार के पास पैसा ज्यादा हो गया है कि रखने की जगह भी नहीं मिल रही है?
- प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वे राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है तो उसमें टैक्स का बैस बढ़ता है। यानी टैक्स देने वाले बढ़ते हैं। जैसे-जैसे टैक्स बढ़ता है तो टैक्स को कम भी करते हैं। टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की ▸▸ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा और हैदराबाद में भी साइबर अपराध के मामलों में इनकी संलिप्तता पाई

# करोड़ों के स्टॉक मार्केट फ्रॉड रैकेट में शामिल दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने करोड़ों के शेयर बाजार धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह लोग फर्जी आईपीओ फंडिंग और शेयर बाजार योजनाओं के जरिए पीड़ितों से लगभग 6.40 करोड़ की ठगी कर चुके थे। आरोपी मोहम्मद असीम अली खान के खाते में 66 लाख रुपये फ्रीज करवाये गये हैं। वह एनसीआरपी की आठ शिकायतें में शामिल पाया गया है। दूसरा आरोपी रुशिकेश कांबले के खातों में 6.71 लाख रुपये जमा पाये गये। वह एनसीआरपी की 78 शिकायतों से लिंक पाया गया। दोनों आरोपी संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोहों के लिए खाताधारक के रूप में काम करते थे। हरियाणा और हैदराबाद में साइबर अपराध के मामलों में पहले भी इनकी संलिप्तता पाई गई है।



डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार साइबर व वित्तीय धोखाधड़ी पर एक बड़ी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के नेतृत्व में करोड़ों रुपये के शेयर बाजार घोटाले में शामिल दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### जालसाजों व ठगों द्वारा अपनायी गई कार्यप्रणाली

पीड़ितों से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। उन्हें सीबीसीएक्स जैसे नकली ट्रेडिंग एप डाउनलोड करने को कहा। उन्हें निवेश समूहों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। बड़ी रकम को अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित किया गया। निकासी के अनुरोध पर धोखेबाजों ने उनके साथ ना सिर्फ छल किया बल्कि उन्हें धमकी भी दी।

दोनों ने अपने बैंक खाते अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट को उपलब्ध कराए थे, जिससे पीड़ितों से ठगी गई धनराशि को कई माध्यमों से डायवर्ट और लॉन्ड्रिंग करने में मदद मिली। पीड़ितों को आईपीओ फंडिंग और उच्च रिटर्न वाले शेयर बाजार निवेश के झूठे वादों का लालच देकर सिंडिकेट ने निवेशकों से लगभग 6.40 करोड़ की ठगी की। मोहम्मद आसिम अली खान हल्द्वानी, नैनीताल का रहने वाला है। अपने बैंक ऑफ बड़ौदा खाते (एआर ट्रेडर्स) के माध्यम से 5.9 करोड़ में से 66 लाख के धोखाधड़ी वाले लेनदेन में मदद की। खाता आठ एनसीआरपी शिकायतों से जुड़ा पाया गया। वह पहले कुरुक्षेत्र के एक मामले में शामिल रहा। कांबले मुंडवा, पुणे का रहने वाला है। दो खातों के माध्यम से 6.71 लाख के धोखाधड़ी वाले लेनदेन में मदद की। 78 एनसीआरपी शिकायतों से इसका खाता जुड़ा पाया गया। इसके खिलाफ हैदराबाद में केस दर्ज था।

## ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 का मामला

# दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल, पांच वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 में शुक्रवार को दीवार का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से एक वाहन चालक घायल हो गया और वहां खड़े पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि लगभग 30 से 35 फीट लंबी दीवार का रखरखाव टाटा टेलीकॉम और वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि पीसीआर को इस संबंध में शुक्रवार सुबह सूचना मिली। इसके बाद पुलिसकर्मियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। पाया कि एक वाहन चालक मनोज को मामूली चोटें आई हैं और उसे इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया है। वहां खड़े पांच वाहन भी मलबे से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकारियों ने स्थिति का आकलन किया है। यह दीवार पुरानी और असुरक्षित मानी गई है, जिसके कारण आसपास के निवासियों को सलाह दी गई है कि वे दीवार के पास वाहन खड़े करने से बचें और खुद भी वहां पर खड़े न हों। डीसीपी ने कहा कि टाटा टेलीकॉम और वन विभाग दोनों को तत्काल मरम्मत कार्य करने के लिए सूचित कर दिया गया है, ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो।

## स्पाई कैमरे से महिलाओं के वीडियो बनाने वाला पायलट किया अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम जिले के किशनगढ़ स्थित शनि बाजार में कैमरा छुपाकर महिलाओं के वीडियो बनाने वाले एक निजी विमानन कंपनी के पायलट को गिरफ्तार किया गया है। मामला तब संज्ञान में आया जब बाजार में एक महिला ने एक व्यक्ति को उसका वीडियो बनाते हुए देखने पर शोर मचाया। आरोपी उस समय तो फरार हो गया था लेकिन बाद में उसे पकड़ लिया गया। आरोपी शख्स का नाम मोहित प्रियदर्शी (31) निवासी सिविल लाइंस आगरा बताया गया है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आरोपी ने लाइटर के आकार के जासूसी कैमरे का इस्तेमाल अनजान महिलाओं के वीडियो बनाने के लिए किया। किशनगढ़ थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 और 78 के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्ध की तस्वीर पुलिस नेटवर्क में प्रसारित की गई। पुलिस ने बताया कि स्थानीय खुफिया एजेंसियों और मुखबिरों की मदद से आरोपी का पता लगाकर उसे पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी प्रियदर्शी ने महिलाओं की सहमति के बिना उनके वीडियो रिकॉर्ड करने की बात कथित तौर पर कबूल की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक गुप्त जासूसी कैमरा बरामद किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार कार ने टैंपो को मारी टक्कर चालक की मौत

**नई दिल्ली।** जीटी करनाल हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग-44) पर अलीपुर इलाके में शुक्रवार सुबह करीब छह बजे तेज रफ्तार अल्टो कार ने नगर निगम के कूड़ा संग्रहण करने वाले टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक भाग गया, लेकिन एक मोटरसाइकिल चालक ने हौसला दिखाते हुए कार का पीछा किया और उसे कुछ किलोमीटर बाद रोकने में सफल रहा। कार पंजाब नंबर की बताई गई है।

पुलिस के अनुसार मृतक का नाम अमित त्यागी (40) है। हादसे के बाद नगर निगम और कंपनी से अनुबंधित कर्मचारी गम में डूब गए। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों और निगम कर्मचारियों ने हल्का प्रदर्शन भी किया। लोगों का आरोप था कि आरोपी ड्राइवर को बदल दिया गया है।

## 18 वर्षीय लड़की को चाकू मारने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्व दिल्ली के न्यू मुस्तफाबाद इलाके में एक 18 वर्षीय लड़की को चाकू मारने के आरोप में 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को बृहस्पतिवार शाम को दयालपुर थाना अंतर्गत मंगल बाजार रोड से कथित घटना के बारे में सूचना मिली थी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक घायल लड़की को परिजन जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस के अनुसार भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच व निरंतर प्रयासों के आधार पर घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी का पता लगाकर उसे पकड़ लिया गया। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और अपराध में प्रयुक्त एक चाकू भी उसके कब्जे से बरामद कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है।

## शिक्षक दिवसः नेत्रहीन शिक्षकों का समाज कल्याण मंत्री ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नेत्रहीन शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान के लिए नमन किया। उन्होंने कहा कि इनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है, इन शिक्षकों का सम्मान मेरे लिए गर्व की अनुभूति है। रोहिणी स्थित ऑल इंडिया कन्फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड्स में यह सम्मान समारोह दिनकर सोसायटी एवं भारतीय नेत्रहीन कल्याण परिषद की ओर से आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग छात्राओं ने वंदना-गीत भी प्रस्तुत किये। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि आज हो रहे अनुभव और अनुभूति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त दिव्यांग-समर्थ भारत संकल्प की दिशा में सरकार पूरी दिल्ली में भवनों और परिवहन के साधनों को दिव्यांगों के लिए अनुकूल बना रही है। साथ ही यूडीआईडी कार्ड के बैकलॉग समाप्त करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित और नेत्रहीनों के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले जवाहर लाल कौल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

## बाढ़ के दौरान लापता हुए व्यक्ति का शव बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंढू गांव के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लापता एक व्यक्ति का शव दो दिन बाद शुक्रवार को बरामद किया गया। मृतक की पहचान गांव के निवासी ओमबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीन सितंबर को गढ़ी मेंढू में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि ओमबीर को आखिरी बार उसी दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुश्ता रोड से गांव की ओर जाते हुए देखा गया था। हालांकि, किसी ने उसे डूबते हुए नहीं देखा। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाये। हालांकि बार-बार कोशिशों के बाद भी वे ओमबीर को खोजने में विफल रहे लेकिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे पुलिस की एक टीम ने बचाव कर्मियों के साथ मिलकर गांव के पास के इलाके में उसका शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है और आगे की जांच जारी है। पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के कारण यमुना के पास के गांवों सहित उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। पुलिस और बचाव एजेंसियां फंसे हुए लोगों की सहायता और लापता लोगों की तलाश के लिए निचले इलाकों में नियमित रूप से तलाशी अभियान संचालित कर रही हैं।

## आदर्श रामलीला का भूमि पूजन संपन्न

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन प्रेरणा स्रोत : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन प्रेरणा स्रोत है। श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में पूर्ण नहीं किया जा सकता प्रभु श्री राम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने अपनी शक्तियों का विपरीत परिस्थितियों में भी दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी सदा मर्यादाओं का पालन किया।



आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह संबोधन दिया। वैदिक रीति रिवाज के बीच मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के प्रत्येक भाग में हमें जीवन उपयोगी कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने कहा कि श्री राम का चरित्र, कर्तव्यनिष्ठ, कर्म प्रधान, आदर्शों एवं मर्यादाओं से युक्त अति विनम्र व प्रेम प्रधान है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि श्री राम के आदर्शों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रामलीला के मुख्य सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं भक्तों का अभिनंदन किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है, सेक्टर-37D स्थित सिग्नेचर ग्लोबल सिटी 37D परियोजना कि यूनिट नंबर **37D-R19-2F** से संबंधित मूल बिल्डर-बायर एग्रीमेंट (बीबीए)/ विक्रय समझौता गुम/अनुपलब्ध हो गया है। उक्त यूनिट श्रीमती विधि वर्मा एवं श्री साहिल शर्मा के पक्ष में स्थानांतरित कर दी गई है तथा अभिलेख एवं भविष्य के संदर्भ हेतु बीबीए की एक प्रमाणित प्रति प्रदान की जा रही है। इस दस्तावेज़ की गुमशुदगी का पता दिनांक **19-06-2025** को चला तथा इस संबंध में पुलिस शिकायत थाना सेक्टर-40, गुरुग्राम में सामान्य डायरी संख्या 043 दिनांक **30-08-2025** के अंतर्गत दर्ज कराई गई है।

यदि यह दस्तावेज़ प्राप्त हो, तो कृपया इसे **श्री साहिल शर्मा, पता: #384, ग्राउंड फ्लोर, अर्बन एस्टेट, सेक्टर-40, गुरुग्राम, निकट रायन इंटरनेशनल स्कूल – 122001 को लौटाएँ या 9896713399 / 7906818883 पर संपर्क करें।**

उपरोक्त दस्तावेज़ से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन व्यक्ति स्वयं के जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा।

के लिए और की ओर से
**M/s सिग्नेचरग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड**
CIN No: U70109DL2012PLC241901
दिनांक: 01-09-2025
स्थान: 101, जीएफ, टॉवर ए, सिग्नेचर टावर, साउथ सिटी-1, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001

**ANKA INDIA LIMITED**
**Regd. Off:** 6 Legend Square Sector 33 Gurugram-122004;
**CIN:** L74900HR1994PLC033268; **Email id:** response@ankaindia.com;
**Phone no:** 9355511187; **website:** www.ankaindia.com

**NOTICE OF THE 31st ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION**

Members are hereby informed that dispatch of the Notice of the **31st Annual General Meeting ("AGM" OR "THE MEETING")** of the Anka India Limited ("the Company") to be convened on Tuesday, September 30th, 2025, at 04:00 P.M IST through Video Conferencing ('VC') or Other Audio-Visual Means ('OAVM') has been completed on **05th September, 2025** to the Members of the Company whose email ids are registered with the Company or the Registrar and Share Transfer Agent or their respective Depository Participant(s), in conformity with the regulatory requirements. Further, a letter providing the weblink, including the exact path, where the Annual Report and the Notice of the AGM for the financial year 2024-25 is available, is being sent to those members whose e-mail address is not registered with the Company, Registrar and Transfer Agent or Depository Participant(s).

In compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 reed with all applicable circulars on the matter Issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), the Company is providing its members, the facility to exercise their right to vote at the AGM by electronic means on all the businesses set forth in the Notice of the AGM through the remote e-Voting Services provided by CDSL. The detailed instructions for remote e-voting facility are contained in the Notice of the AGM which has been sent to the Members.

The details pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 and Rules are given hereunder:

1. Members holding shares in physical mode, who have not registered / updated their email addresses with the Company, are requested to register / update the same by writing to the Company with details of folio number and attaching a self-attested copy of PAN card at response@ankaindia.com or to Alankit Assignments Limited at rta@alankit.com.
2. Members holding shares in dematerialized mode, who have not registered / updated their email addresses with their Depository Participants, are requested to register / update their email addresses with the Depository Participants with whom they maintain their demat accounts.
3. Cut-off date for the purpose of remote e-voting is **Tuesday, 23rd September, 2025.**
4. Period of e-voting: E-voting shall commence from **Saturday 27th September, 2025 09:00 A.M. and ends on Monday 29th September, 2025 05:00 P.M.** Please note that remote e-voting will not be allowed beyond the above mentioned time and date.
5. Persons who have acquired shares and become member of the Company after dispatch of Notice of the AGM and holding shares as on the cut-off date i.e. **Friday, 05th September, 2025,** may cast their votes by following the instructions and process of remote e-voting as provided in the Notice of AGM.
6. The AGM notice, is available on the Company's website https://www.ankaindia.com/financial-statements/annual-reports, the Stock Exchanges, i.e., BSE Limited ("BSE") at www.bseindia.com and is also available on CDSL's website at www.evotingindia.com.
7. A person, whose name appears in the Register of Members or in the Register of Beneficial owners maintained by the depositories as on cut-off date only, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM. However, if the person is already registered with CDSL for remote e-voting, then the existing User ID and Password can be used for casting votes.
8. Members attending AGM through VC/OAVM facility, who have not casted their votes by remote e-voting shall be able to cast their votes through e-voting at the AGM.
9. Members who have casted their votes by remote e-voting, may also attend the AGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their votes again at the AGM.
10. The procedure for e-voting, attending the AGM through VC/OAVM facility and registration of E-mail ID by shareholders has been provided in the Notice of AGM. The same is available on the website of the Company: https://www.ankaindia.com/financial-statements/annual-reports, website of Central Depository Services India Ltd. at www.evotingindia.com and at the website of BSE Limited: www.bseindia.com.
11. If you have any queries or issues regarding attending AGM & e-voting from the CDSL e-Voting System, you can write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at toll free no. 1800 22 55 33.
12. In case of any query/ grievance, Members may contact Mr. Anu Sharma, Company Secretary at 6 Legend Square Sector 33 Gurugram-122004, Email ID response@ankaindia.com.
13. The result of e-voting shall be announced on or after **30th September, 2025 but not later than 48 Hours from the conclusion of AGM.** The e-voting result and the Scrutinizer's report shall be placed on the Company's website www.ankaindia.com, and CDSL's website www.evotingindia.com for the purpose of informing the members, besides being communicated to BSE Limited, where the shares of the Company are listed.

**FOR ANKA INDIA LTD**
**Sd/-**
**ANU SHARMA**
**Company Secretary**

**PLACE : GURUGRAM**
**DATED : 06.09.2025**

**FRICK INDIA LIMITED**
FRICK
Regd. Office: 21.5 Km, Main Mathura Road, Faridabad – 121003
**CIN -** L74899HR1962PLC002618, **E-mail-** cs@frickmail.com,
**Ph.** 0129-2275691-94, 2270546-47 : **Fax:** 0129-2275695 **Web:** www.frickweb.com

**NOTICE**

**NOTICE OF THE 62nd ANNUAL GENERAL MEETING,**
**CLOSURE OF REGISTER OF MEMBERS AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

**Notice is hereby given that 62nd Annual General Meeting (AGM) of Frick India Limited** ('the Company') will be held on **Friday, September 26, 2025 at 11:00 A.M.** through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means ('VC/ OAVM'), in compliance with all the applicable provisions of Companies Act, 2013 ("Act") and rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 read with General circular dated April 08, 2020, April 13, 2020, May 05, 2020, January 13, 2021, December 08, 2021, December 14, 2021, May 05, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 and Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 issued by the Ministry of Corporate affairs ("MCA"), collectively referred as MCA circulars and relevant SEBI Circulars, to transact the business as set out in the notice convening the 62nd Annual General Meeting.

Electronic copies of the Notice of the 62nd Annual General Meeting and the 62nd Annual Report of the Company is available at https://frickweb.com/wp-content/uploads/2025/09/1_compressed.pdf, including the Financial Statements for the Financial Year ended on March 31, 2025 have been sent to all the Members whose e-mail ID's are registered with the Company/Depository Participants. The same are also available on Company's website at **www.frickweb.com** and on the website of MUFG Intime India Private Limited (formerly known as Link Intime India Private Limited), Registrar and Transfer Agent at Annual_Report_2025.pdf. As mentioned in the newspaper notice dated August 05, 2025 published by the Company in Financial Express and in Hari Bhumi newspapers on August 05, 2025, since the Annual General Meeting is being conducted through VC/OAVM, hence, there will be no physical dispatch of Notice and the Annual Report. Further, pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/167 dated October 07, 2023 and SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 03, 2024, the relaxation pursuant to furnishing of hard copy of the Annual Report has been extended till September 30, 2025. However, hard copies of the Annual Report, financial statements (including Board Report, Auditor Report or other documents required to be attached herewith) and Notice of the Annual General Meeting will be made available to the members, who request for the same.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 ('the Act') read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, the Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) issued by the Institute of Company Secretaries of India and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is providing to its Members the facility of remote e-voting/e-voting before/during the AGM in respect of the business to be transacted at the AGM and for this purpose, the Company has appointed MUFG Intime India Private Limited (formerly known as Link Intime India Private Limited), Registrar and Transfer Agent, for facilitating voting through electronic means.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date, i.e. **September 19, 2025,** shall be entitled to vote by remote e-voting or at the AGM by e-voting. All the Members are informed that:

a. Date and time of commencement of Remote e-voting: from **Tuesday, September 23, 2025 at 10:00 A.M.**
b. Remote e-voting by electronic mode shall not be allowed beyond **5:00 P.M. on Thursday, September 25, 2025.**
c. Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means through remote e-voting or e-voting at the 62nd AGM is **Friday, September 19, 2025.**
d. Members who have acquired shares of the Company after **Wednesday, September 03, 2025** (which is the date of electronic dispatch of the 62nd AGM Notice to the Shareholders) and up to the cut-off date mentioned above, may obtain their login details for remote e-voting by sending request at cs@frickmail.com (Company Secretary) or at enotices@in.mpms.mufg.com being the Share Transfer Agent at the address and contact details mentioned below.
e. The Members who have not casted their vote through remote e-voting can exercise their voting rights at the 62nd Annual General Meeting of the Company through e-voting system.

Notice is also hereby given, pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 (**'the Act'**) read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The dividend, if approved, will be payable to those members, whose names stands registered in the Company's Register of Members as on record date i.e. **September 19, 2025.**

For electronic voting, kindly log in to e-voting website https://instavote.linkintime.co.in, please read the instructions carefully before voting electronically given in the notes to the Notice of the 62nd AGM.

In case, if you have any queries or issues regarding e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at https://instavote.linkintime.co.in, under help section or send an email to enotices@in.mpms.mufg.com or contact on: Tel: 022 –4918 6000.

Members may also contact the Company's Registrar and Share Transfer Agent at: **MUFG Intime India Private Limited** (formerly known as **Link Intime India Pvt. Limited**), **Noble Heights, 1st Floor, Plot NH 2, C-1 Block LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi -110058,** Tel: +91 11 49411000, +91-11- 41410592/93/94 Telefax: 011-41410591, Email: delhi@in.mpms.mufg.com

**For and on behalf of Board of Directors**
**FRICK INDIA LIMITED**
**Sd/-**
**Amit Singh Tomar**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No. A46813**

**Place: Faridabad**
**Date: September 04, 2025**


यमुना बाजार ईलाका...




कश्मीरी गेट स्थित मोनेस्ट्री मार्केट...

# बाढ़ प्रभावित इलाकों में हो रही है चौबीसों घंटे निगरानी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकार बाढ़ की स्थिति पर पूरी नजर रख रही है। सरकारी अमला बाढ़ प्रभावितों की दिन रात सातों दिन मदद कर रहा है। उन्हें भोजन, पानी, चिकित्सा, शौचालय सुविधाओं के अलावा जरूरी मदद लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' से डिविजनल कमिश्नर व सभी जिलों के डीएम के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक के बाद के यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि बाढ़ प्रभावित



किसानों के मवेशियों को भी चारा उपलब्ध कराया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर लोगों को लगातार राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यमुना का पानी फिलहाल उतार पर है, इसलिए दिल्ली के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। वह खुद हालात पर लगातार निगरानी रख रही हे, शासन पूरी तरह चाक-चौबंद है, साथ ही जनप्रतिनिधि भी बाढ़ प्रभावितों से

- शिविरों में भोजन, पानी, चिकित्सा, शौचालय व अन्य जरूरी सेवाओं का उचित प्रबंध करने के दिए निर्देश

मिलकर उनके कष्टों का निवारण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि बाढ़ पीड़ितों के जीवन और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लगातार बारिश और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा पर सरकार का पूरा तंत्र सक्रिय है। वरिष्ठ अधिकारियों, आपदा प्रबंधन दल और स्वास्थ्य सेवाओं की टीमें हर समय तैयार हैं। किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तैयार है।

## 'मुआवजे के लिए प्रभावित फसलों का किया जाए आकलन'

मुख्यमंत्री के अनुसार उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बाढ़ से प्रभावित फसलों का भी आकलन करें, ताकि उन्हें उचित मुआवजा देने पर भी गंभीरपूर्वक विचार किया जा सके। राजधानी में बाढ़ की स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों के हालात और पीड़ितों को जरूरी मदद को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' से डिविजनल कमिश्नर व सभी जिलों के डीएम के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की और जरूरी व स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।

## अफवाहों पर ध्यान न दें, धैर्य बनाए रखें : सीएम

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनता से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाए रखें। सरकार, प्रशासन, एनडीआरएफ, जनप्रतिनिधि, नागरिक संस्थाएं और सामाजिक संगठन मिलकर इस चुनौती से निपट रहे हैं और शीघ्र ही स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यमुना का जलस्तर और केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट हरियाणा स्थित हथिनी कुंड बैराज से 4 सितंबर को लाखों क्यूसेक पानी का बहाव दिल्ली की ओर छोड़ा गया था। हालांकि अब पानी का डिस्चार्ज कम हो चुका है। शुक्रवार शाम 4 बजे बैराज से पानी का बहाव 58 हजार क्यूसेक दर्ज किया गया है। दिल्ली में पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर 207.18 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर और लोगों की निकासी स्तर 206 मीटर है। केंद्रीय जल आयोग की 5 सितंबर (सुबह 7 बजे) की एडवाइजरी के अनुसार आज रात 8 बजे तक यमुना का जलस्तर 207.15 मीटर तक आने की संभावना है। चूंकि हथिनी कुंड से पानी को दिल्ली तक पहुंचने में लगभग 36 घंटे का समय लगता है, इसलिए सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास अस्थायी तंबुओं में शरण लेते बाढ़ प्रभावित लोग...



## केजरीवाल ने बाढ़ राहत शिविर का किया दौरा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिये दिल्ली सरकार से पर्याप्त राहत सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्य पदार्थों की आपूर्ति और उनके लिए तंबू (टेंट) की व्यवस्था करने में देरी हुई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बने एक राहत शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार अफगानिस्तान में भूकंप पीड़ितों को राहत सामग्री भेज सकती है, तो दिल्ली के बाढ़ प्रभावित लोगों को भी समय पर मदद मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि लोगों को दिक्कत हो रही है। उन्हें समय पर खाना नहीं मिल रहा। चारों तरफ मच्छर हैं। बारिश हो रही है, लेकिन तंबू कल लगाए गए। यह प्राकृतिक आपदा है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराए। पर्याप्त इंतजाम करना सरकार की जिम्मेदारी है।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में महापौर ने दिए राहत कार्य तेज करने के निर्देश

नई दिल्ली। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से राजधानी के कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इसी को देखते हुए दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को हकीकत नगर, बुराड़ी और अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। महापौर के साथ क्षेत्रीय उपायुक्त अंशुल सिरोही और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जलभराव की शीघ्र निकासी के लिए अतिरिक्त पंप लगाए जाएं और प्रभावित इलाकों में सैनिटेशन व फॉगिंग की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि संक्रामक बीमारियों का खतरा न बढ़े। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन हर परिस्थिति में नागरिकों के साथ खड़ा है। प्रभावित लोगों को हर संभव मदद दी जाएगी। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि पानी को जल्द से जल्द निकाला जाए और जनजीवन सामान्य किया जाए। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे घबराएं नहीं। नगर निगम की टीमें और आपदा प्रबंधन बल पूरी मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगम की ओर से राहत और बचाव कार्यों को और तेज करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि लोगों की दिक्कतें तुरंत दूर की जा सकें।



## रेखा सरकार बाढ़ पीड़ितों को राहत देने में हुई विफल: देवेंद्र

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बाढ़ पीड़ितों को लेकर एक बार फिर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जमकर निशाना साधते हुए बुरी तरह विफल करार किया है। यादव ने कहा कि गत सात महीने पहले सत्ता में आई भाजपा की रेखा सरकार पहले ही हर मुद्दे पर बुरी तरह विफल थी। वहीं अब बाढ़ से बुरी तरह परेशान व पीड़ित लोगों को राहत देने में भी रेखा गुप्ता व उनकी सरकार बुरी तरह फेल साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितो को राहत देने के लिए कैंप लगाए, मगर अफसोस की बात है कि रेखा सरकार की अनेदखी के चलते अधिकांश कैंप ही बाढ़ में डूब रहे है। उन्होंने कहा कि गत सात महीनों में भाजपा सरकार ने खोखले दावों के अलावा टूटी सड़कों की मरम्मत करने, जल-भराव से निपटने और अब बाढ़ प्रभावितों को राहत के लिए कुछ किया होता तो आज हालात दूसरे होते। यादव ने कहा कि आज दिल्ली बाढ़ के पानी से तो परेशान है ही, लेकिन सड़कों पर गड्ढे और टूटी सड़के अलग से बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। सड़कों पर भरे पानी से चलने वाले वाहन कुछ दूर चलने पर ही गड्ढों में धंस रहे है। दिल्ली की सड़कों पर लोग अपने जीवन को दाव पर लगाकर चल रहे है।

## नाले नालियां साफ थीं तो दिल्ली में कैसे हुआ जलभराव : अंकुश नारंग

**नई दिल्ली**। बाढ़ से परेशान दिल्लीवालों की सुध लेने को चार इंजन की भाजपा सरकार तैयार नहीं है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली में जलभराव और बाढ़ के हालात को लेकर भाजपा सरकार पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग बाढ़ से परेशान हैं लेकिन उनकी सुध लेने के लिए भाजपा सरकार तैयार नहीं है। दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ से हालात खराब हैं, लेकिन सीएम से लेकर मंत्री तक अपने दफ्तर में आराम कर रहे, कोई सड़क पर नहीं दिख रहा है। लेकिन जब आप की सरकार में यमुना का पानी बढ़ता था तो सीएम से लेकर मंत्री, विधायक तक सड़कों पर होते थे। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि अब तो दिल्ली में नीचे से ऊपर तक भाजपा की सरकार है। पैसे और पावर की भी कमी नहीं है, फिर दिल्ली क्यों डूब रही है? सच तो ये है कि भाजपा को सरकार नहीं चलानी आती। उसे सिर्फ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को गालियां देनी आती है। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार ने चार महीने पहले कहा था कि लोक निर्माण विभाग के 82 फीसदी नाले साफ हो चुके हैं। अब तो इन्होंने 100 फीसदी से भी ज्यादा साफ कर देने का दावा कर दिया। एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक में भाजपा ने आंकड़े पेश किए कि सारी नालियां और नाले पूरी तरह साफ हो चुके हैं। अगर एमसीडी के नाले 100 फीसदी साफ हो चुके थे और पीडब्ल्यूडी के 82 फीसदी नाले साफ हो चुके थे, तो फिर दिल्ली में जलभराव कैसे हो गया?

### दिल्ली विकास प्राधिकरण की झोली में 100 करोड़

# अपना घर आवास योजना के पहले ही दिन अतिरिक्त सभी फ्लैट बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की अपना घर आवास योजना 2025 को जनता ने इस कदर पसंद किया कि पहले ही दिन 5 सितंबर 2025 को सभी अतिरिक्त फ्लैट बुक हो गए। बंपर बुकिंग के चलते डीडीए को उम्मीद है कि उसकी झोली में 100 करोड़ रुपए तक का राजस्व आ सकता है।

इस बारे में डीडीए ने बताया कि उक्त योजना के विस्तार के तहत, डीडीए ने पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के आधार पर 152 अतिरिक्त फ्लैटों की पेशकश की थी। जिसकी बुकिंग के पहले ही दिन शुक्रवार को सभी अतिरिक्त फ्लैट बुक हो गए है। इन फ्लैटों में लोकनायक पुरम (ब्लॉक डी) में 76



एमआईजी और नरेला सेक्टर ए1-ए4, ब्लॉक जी में 76 ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं। डीडीए का कहना है कि लोकनायक पुरम (एमआईजी) और नरेला (ईडब्ल्यूएस) में फ्लैट 2023 से कई योजनाओं के तहत बार-बार पेश किए जा रहे हैं। लेकिन अब उपराज्यपाल वीके सक्सेना की प्रत्यक्ष देखरेख में डीडीए द्वारा अपनाई गई नवीन बिक्री और विपणन रणनीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है इन फ्लैटों की तेज़ी से बिक्री हो रही है। योजना की बंपर कामयाबी और किफायती आवास की निरंतर सार्वजनिक मांग को देखते हुए, डीडीए ने अपना घर आवास योजना 2025 को अब अगले तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया है। यह योजना अब 26 नवंबर, 2025 तक चालू है और दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों और स्थानों में बुकिंग के लिए तैयार फ्लैट उपलब्ध हैं। डीडीए का कहना है कि इनमें नरेला में एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी फ्लैट और लोकनायक पुरम और सिरसपुर में एलआईजी फ्लैट शामिल हैं। यह विस्तार जनता के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास विकल्पों का लाभ उठाने के अधिक अवसर सुनिश्चित करता है। डीडीए का दावा है कि वह पारदर्शी और पूरी तरह से ऑनलाइन प्रक्रियाओं के माध्यम से आवास की सुलभता का विस्तार करने और घर के स्वामित्व को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किफायती आवास पहलों के अलावा, डीडीए ने 26 अगस्त, 2025 को अपनी प्रीमियम हाउसिंग स्कीम भी शुरू की है, जो वसंत कुंज, अलकनंदा, द्वारका, जसोला, रोहिणी और अन्य चुनिंदा इलाकों जैसे प्रीमियम स्थानों पर आलीशान घरों की चाहत रखने वालों के लिए फ्लैट उपलब्ध कराएगी। इस कदम का उद्देश्य संभावित घर खरीदारों की विविध आवासीय ज़रूरतों को पूरा करना है। इस योजना के लिए ई-नीलामी में भाग लेने और ऑनलाइन ईएमडी जमा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 सितंबर, 2025 है।

## कांग्रेस के खिलाफ दिल्ली भाजपा का विरोध प्रदर्शन जारी

नई दिल्ली। सिर्फ मयूर विहार जिला में ही नहीं बल्कि दिल्ली के सभी 14 जिलों में प्रदर्शन किया गए हैं क्योंकि दिल्लीवालों में कांग्रेस को लेकर गुस्सा है और जब तक राहुल गांधी देश से माफ़ी नहीं मांगते तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को तीसरे दिन मयूर विहार जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को किए गए जोरदार विरोध प्रदर्शन के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी माता के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग क्यों किया। इसके अलावा उत्तर पश्चिम जिले में भी भाजपा कार्यकर्ताओं के जोरदार विरोध प्रदर्शन को सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने संबोधित किया।

## दिल्ली नगर निगम के 1187 सफाई कर्मियों की नौकरी पर लटकी तलवार : यूनियन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के सभी 12 जोनों में 1187 सफाई कर्मियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है और इस मामले पर राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद, दिल्ली के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर जय भगवान, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार और सभी जोनों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि डबल केस के नाम पर कर्मियों की सेवाएं समाप्त करना ठीक नहीं है, इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और इसके बाद ही निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि यह सब कुछ एक कानूनी प्रक्रिया के तहत हुआ है। उसमें दोनों पक्षों की तरफ से चूक हुई तो सिर्फ सफाई कर्मियों को नौकरी से हटाना जनहित में नहीं है। यदि कार्रवाई करनी है तो निगम के उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो, जो इस डबल केस मामले में शामिल है। एकतरफा निर्णय से दिल्ली में सफाई व्यवस्था पर संकट आ जाएगा। राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद, दिल्ली के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने यह भी कहा कि इन दिनों दिल्ली नगर निगम की माली हालत है और पैसा बचाने के लिए इन सफाई कर्मियों को निकालने की तैयारी है। क्योंकि ऐसा करने से दिल्ली नगर निगम को करीब तीन खरब रुपए की बचत हो सकती है। साथ ही उन्होंने बताया कि नरेला जोन से ऐसे ही डबल केस के मामले में कुछ दिन पहले एक सफाई कर्मचारी नौकरी से हटा दिया गया है। यूनियन अध्यक्ष दलीप कुमार ने बताया कि बेहतर होगा कि निगम इस मामले में निष्पक्ष जांच और कानूनी निष्कर्ष का इंतजार करे, साथ ही सफाई कर्मियों को अपनी बात रखने का अवसर दे।



## खबर संक्षेप

### जेई नरेश कुमार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शराब ठेकों को न तोड़ने की एवज में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एक जेई नरेश कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसने इस काम के लिए छह लाख मांगे थे, लेकिन पांच लाख में सौदा तय हो गया। ठेकेदार ने इसकी सूचना व शिकायत ब्यूरो को दी। जाल फैलाकर उसे सेक्टर-12 स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



### इम्पावरमेंट योजना में सेनेटरी नैपकिन वितरित

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन गाजियाबाद के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग गाजियाबाद द्वारा संचालित ''संकल्प'' हब फॉर इम्पावरमेंट आफ वूमेन योजना के अन्तर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय जागरूकता शुक्रवार को सैनिटरी नैपकिन वितरण का कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी राजकीय आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर में स्वास्थ्य विभाग के साथ राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया।



### मोबाइल हैक कर महिला से 1.25 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज ने महिला का मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से सवा लाख रुपए निकाल लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 22ए की रहने वाली राशि वर्मा ने बताया कि किसी ने उसका मोबाइल हैक कर लिया था, जिसके बाद फोन ठीक से काम करना बंद हो गया। इस बीच किसी ने मोबिक्विक मोबिक्विक प्लेटफार्म पर फर्जी यूपीआई खाता बनाया। इसके जरिए 3 सितंबर को उनके बैंक खाते से कुल 1.25 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए।




# अचीवर सोसायटी में धूमधाम से मनाया गया गणपति महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अचीवर सोसायटी सेक्टर-49 में गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां नौ दिनों तक गणपति बप्पा की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई वहीं आज उन्हें ढोल नगाड़ों व गाजे बाजे के साथ विसर्जित कर दिया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सोसायटी के मंदिर कमेटी की संगीत मंडली ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भजनों पर नृत्य करते हुए गणपति जी को विदाई दी गई।

**खास बातें**

- भव्य शोभायात्रा निकाली गई
- कमेटी की संगीत मंडली ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया
- सोसायटी के लोगों ने भरपूर सहयोग दिया

**ढोल नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ गणेश जी को विसर्जित किया गया**



सोसायटी में यह आयोजन ठाकुर प्रणय और ठाकुर पूजा सिंह द्वारा किया गया, जिसमें सोसायटी के अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। ठाकुर प्रणय और ठाकुर पूजा सिंह ने बताया कि भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना करने से हर मनुष्य के दुख दर्द दूर हो जाते है इसलिए हमने इस बार सोसायटी में गणपति जी की मूर्ति स्थापित कर उनकी नौ दिनों तक पूजा अर्चना की और आज उनको पूरे विधि विधान के साथ विसर्जित किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सोसायटी के लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

## पूर्व विधायक ने राहत शिविरों में जाकर पीड़ितों से की मुलाकात

# बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद के लिए प्रयासरत है भाजपा सरकार: पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यमुना का जलस्तर बढ़ने के चलते बाढ़ की चपेट में आए गांवों में प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत बचाव कार्य चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पं. टेकचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार अधिकारियों और अपनी टीम के साथ राहत शिविर में जाकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ितों से मुलाकात कर उनका दुख बांटा। उन्होंने शिविरों में मेडिकल कैंप में डाक्टरों से बातचीत कर बीमारियों की भी जानकारी ली और स्पष्ट कहा कि पीड़ितों के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

**मेडिकल कैंप में डॉक्टरों से बातचीत कर बीमारियों की जानकारी ली**



इस मौके पर पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में नायब सरकार पूरी तरह से पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हमदर्द बनकर मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में किसानों की जो भी फसलें नष्ट हुई है या फिर उनके मकान क्षतिग्रस्त हुए है, सरकार उनके साथ है और पीड़ितों को हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह संकट का समय है, जो जल्द ही बीत जाएगा और फिर से सब कुछ बेहतर हो जाएगा, इसलिए सभी को धैर्य रखने की जरूरत है। शर्मा ने बताया कि यमुना के तेज बहाव के चलते मोहना-बागपुर सडक मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है, उन्होंने मौके से उपमंडल अधिकारी मयंक भारद्वाज से एनडीआरएफ टीम द्वारा मोटर वोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिया वहीं नायब तहसीलदार को समय-समय की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजें और लोगों की परेशानी को हल करने के लिए कारगर कदम उठाए। उन्होंने कहा कि हर साल खादर क्षेत्र के लोग इस संकट से गुजरते है, इसलिए उन्हें इस संकट से छुटकारा दिलाया जाएगा और सुरक्षित क्षेत्र में प्लाट उपलब्ध करवाने की मांग को भी उठाया जाएगा। वहीं यमुना पार पंचायत झुग्गी तथा अन्य गांवों के जनप्रतिनिधियों से फोन पर उनसे उनकी परेशानी जानकर अधिकारियों को उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

**टेकचंद्र शर्मा ने राहत शिविर का जायजा लिया**

इसके उपरांत पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा शाहूपुरा खादर व मोहना मंडी में राहत शिविर का जायजा लिया लोगों पीड़ितों से जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि आज पूरे दिन के क्षेत्रीय बाढ़ ग्रस्त दौरे की रिपोर्ट को वह मुख्यमंत्री नायब सैनी से अवगत करवाएंगे और राहत बचाव कार्य और बेहतर तरीके से चलाने का अनुरोध करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ डॉ तेजपाल शर्मा, सुरेंद्र तंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता किशन ठाकुर, युद्धवीर सिंह, मंडी प्रधान हरिओम शर्मा, भाजपा नेता प्रमोद कौशिक, राजेश सरपंच, मोहन कौशिक सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया

# एल्पिस कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जीवन नगर भाग-दो स्थित एल्पिस कान्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को भव्य रूप से सजाया गया और विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रिंसीपल डा. राजेश मदान ने दीप प्रज्वलन कर की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं समूह गान, नृत्य, कविता और नाट्य मंचन के माध्यम से शिक्षकों की महत्ता और योगदान को दर्शाया गया। इस मौके पर डॉ. मदान ने कहा कि शिक्षक ही वह मार्गदर्शक होता है, जो विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा प्रदान करता है। आज शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है।

**विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए**

शिक्षकों ने भी इस मौके पर अपने अनुभव सांझा किए और विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योति मदान, प्रियंका, नीतू राणा, मनीषा, रितिक, हरिंदर, संजय चौधरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

7 गाड़ियों के चालान कर किया जुर्माना

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा बिना परमिट के चल रही प्राइवेट बसों की लगातार दो दिन चेकिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद के बल्लभगढ़ बस अड्डा से काफी प्राइवेट बसें बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से चल रही है, जिससे सरकार के राजस्व को हानि हो रही है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने आरटीए स्टॉफ के साथ अचानक चेकिंग की जाए तो अवैध रूप से चल रही काफी बसें काबू आ सकती है।

उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा आरटीए फरीदाबाद स्टॉफ के साथ बल्लभगढ़ बस अड्डा के सामने मथुरा आगरा की तरफ सवारी ढोने वाली प्राइवेट बसों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण पर



बल्लभगढ़ बस स्टैंड से मथुरा आगरा उत्तर प्रदेश की तरफ सवारी बैठा कर ले जाने वाली गाड़ियों को चैक किया गया जो मौका पर 5 प्राइवेट बसों जिनमे वाहन संख्या एचआर38 एक्स 0006, एचआर-62ए0595, एचआर 46 ई 8705, एचआर-38एजी 2807, एचआर-38 एडी 9697 के कंडक्टर और ड्राइवर को मथुरा आगरा की आवाज लगाते हुए सवारियां बिठाते हुए काबू किया गया। जब इन बस चालकों से सवारियां बिठाने बारे वैध परमिट की मांग की गई तो वह किसी प्रकार का कोई परमिट उपलब्ध नहीं कर सके। आरटीए फरीदाबाद की टीम द्वारा ऑनलाइन चालान करते हुए प्रत्येक गाड़ी पर लगभग 21000 का चालान किया गया जो कुल 105000 का चालान कराया गया है। दिनांक 05-09-2025 को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से मथुरा आगरा उत्तर प्रदेश की तरफ सवारी बैठा कर ले जाने वाली गाड़ियों को चैक किया गया जो मौका पर 2 प्राइवेट बसों जिनमे वाहन संख्या एचआर 38 वाई 5873 व एचआर 55 एक्स 4437 के कंडक्टर और ड्राइवर को मथुरा आगरा की आवाज लगाते हुए सवारियां बिठाते हुए काबू किया गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **हिमांशु मिश्रा उर्फ सोनू, पुत्रः** कमलेश मिश्रा, **पताः** मकान न. – डी–28, सेक्टर 1, अवन्तिका, रोहिणी, दिल्ली, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 193/2023, U/s 356/379 IPC, थानाः** के एन काटजु मार्ग, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **हिमांशु मिश्रा उर्फ सोनू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **हिमांशु मिश्रा उर्फ सोनू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 193/2023, U/s 356/379 IPC, थानाः** के एन काटजु मार्ग, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **हिमांशु मिश्रा उर्फ सोनू,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर जिला, कमरा न. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11810/RD/2025**
**(Court Matter)**

जरूरतमंद की सभी चीजों में बदलाव नजर आएगा

# जीएसटी के नए स्लैब पर पीएम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीएसटी के स्लैब में बदलाव पर रालोद व भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने एक बयान में कहा है कि सरकार के जीएसटी के स्लैब में बदलाव से 22 सितंबर के बाद आम आदमी गरीब आदमी मध्यम वर्ग नौकरी पेशा वाले व्यक्ति और आखिरी पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति की लाइफ लाइन में एक टर्निंग पॉइंट होगा। उन्होंने कहा कि 12 प्रतिशत की आइटम आ गई अब 5 प्रतिशत व 28 प्रतिशत वाली 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई है।

इससे आम आदमी की जिंदगी से जुड़े हुए रोज जरूरतमंद की सभी चीजों में इस बदलाव से आसार





नजर आएगा। मेडिकल इंश्योरेंस लाइफ इंश्योरेंस स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चे कोई आदमी ऐसा अछूता नहीं रहेगा जिसके जीवन में इस बदलाव से बदलाव नजर नहीं आएगा। भाजपा नेता लेखराज माहौर ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा भारत की आम जनता के पक्ष में जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है। आम जनता को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और परिवार के उपयोग में लाई जाने वाली रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से परिवार के बजट में भारी कटौती होगी।

आम आदमी और मध्यम वर्ग के परिवारों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा जीएसटी की दरों में स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा जीएसटी हटाई गई है। इसका भी सीधा-सीधा लाभ भारत के आम नागरिक को मिलेगा और अब मध्यम परिवार अपने परिवार का अधिक से अधिक स्वास्थ्य व जीवन बीमा कर पाएंगे यह बहुत सराहनीय कदम केंद्र सरकार ने उठाया है। इससे आने वाले सभी त्योहार दशहरा दीपावली भाई दूज इत्यादि पर भारत की आम जनता को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। मैं केंद्र सरकार के इस साहसी कदम की सराहना करता हूं। हल्के वाहनों पेट्रोल और डीजल पर जीएसटी कम होने से भारत के मध्यम वर्ग को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और आम व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर पाएगा।

## वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए

# ड्रिंक एंड ड्राईव करने पर 22 महिला सहित 2871 वाहन चालकों के चालान, 4 इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ड्रिंक एंड ड्राईव करने पर ट्रैफिक पुलिस ने 22 महिला सहित 2871 वाहन चालकों के चालान किए हैं। इस दौराना ट्रैफिक पुलिस ने चार वाहन इंपाउंड भी किए।

पुलिस कमिश्रनर विकास अरोड़ा, डीसीपी ट्रैफिक डा. राजेश मोहन के निर्देशन में कार्य करते हुए एसीपी ट्रैफिक मुख्यालय/ हाईवे सत्यपाल यादव की देखरेख में ट्रैफिक पुलिस ने अगस्त माह में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राईव) वाले वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए डीसीपी ट्रैफिक डा. राजेश मोहन द्वारा ट्रैफिक पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके उनको चिन्हित स्थानों पर विशेष आदेश/निर्देश देकर तैनाती की गई।

**नियमों का पालन करवाएंगे**

डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना है। इस प्रकार के चालान अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद हसन उर्फ मुन्ना, पुत्र मोहम्मद मुमताज निवासी मकान नं. बी–275, पांडव नगर, कठपुतली कॉलोनी, शादीपुर डिपो. के पास, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 386/2020 दिनांक 06.05.2020 भा.द.सं. की धारा 382/506/411 के तहत, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद हसन उर्फ मुन्ना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद हसन उर्फ मुन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 386/2020 दिनांक 06.05.2020 भा.द.सं. की धारा 382/506/411 के तहत, थाना मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद हसन उर्फ मुन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 17.10.2025 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंशुल सिंघल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 ( पश्चिम ), कमरा नं. 268**
**द्वितीय तल, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/11729/WD/2025**

सपनों को उड़ान देने के लिए मौका

# ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ने की पहले ट्रायल्स की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा कराई जा रही देश की सबसे बड़ी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) ने खिलाड़ियों के चयन को लेकर ट्रायल्स की घोषणा कर दी है। पहले संस्करण के पहले चरण में होने जा रहे यह ट्रायल्स 1 और 2 अक्टूबर को गुरुग्राम के युग 2.0, सेक्टर 70 में आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद आने वाले महीनों में सर्वोटेक स्पोर्ट्स इन ट्रायल्स का आयोजन देश भर के अलग-अलग कोनों में करने जा रहा है।

पहले ट्रायल्स की घोषणा पर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा कि, ड्रीम लीग ऑफ इंडिया सिर्फ एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि टेनिस क्रिकेट में पहचान बनाने का सपना देखने वालों के लिए एक कल्पवृक्ष की तरह है। ऐसे ही सपनों को उड़ान देने के लिए ट्रायल्स की घोषणा करते हुए मैं काफी उत्साहित हूं। यह खिलाड़ियों के लिए अपने जुनून को पेशेवर सफर में बदलने का बेहतरीन मौका है। हमारी सोच टेनिस क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए एक ऐसा मंच तैयार करना है, जिसके जरिए ग्रासरूट लेवल के खिलाड़ियों को वो पहचान दिलाना है, जिसके वो हकदार हैं। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में कुल छह फ्रेंचाइजी होंगी, जिन्हें दो श्रेणियों में बांटा जाएगा। पहली जूनियर्स (13-18 वर्ष) और दूसरी सीनियर्स (18 वर्ष से अधिक), ताकि युवा प्रतिभाओं के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों को भी चमकने का मौका मिले। अपनी मूल भावना के तहत, ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का लक्ष्य उच्च क्षमता वाले खिलाड़ियों की पहचान और पोषण करना है, ताकि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का प्रसारण राष्ट्रीय टेलीविजन पर किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों की प्रतिभा को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जा सके।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सातरोड खुर्द आरडी 0.000 से 0.430 और 1.080 से 1.670 के माध्यम से पुराना डीएचएस रोड से नये बाईपास की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4855) (एमसी हिसार क्षेत्र) (सैन धर्मशाला सातरोड से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-10) दिल्ली-सिरसा रोड हिसार तक 40 फीट तक रोड के रूपांतरण की वजह से 11 केवी सातरोड एपी फीडर और 11 केवी जिन्दल इलैक्ट्रो फीडर की एचटी लाइनों की शिफ्टिंग)। | 03.09.2025 11.09.2025 | 32.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बुडाना 33 केवी सब स्टेशन से राखी गढ़ी संग्रहालय तक स्वतंत्र फीडर फैड का प्रावधान (संशोधित आकलन के अनुरूप बकाया कार्य)। | 03.09.2025 15.09.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | वर्ष 2025-26 हेतु सोनीपत जिले में सोनीपत में लघु सचिवालय में 2 अदद गैर-आवासीय राजस्व भवन की वार्षिक मरम्मत + 1 कार्य। | 02.09.2025 09.09.2025 | 31.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव तल्हेड़ी रांगड़ान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत)। | 03.09.2025 10.09.2025 | 25.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | सीएच रोहतक में फैकल्टी वीसीबी को बदलना + 1 कार्य। | 04.09.2025 11.09.2025 | 37.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में मण्डी डबवाली में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान (फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 03.09.2025 11.09.2025 | 7.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में लड़कों के लिए राजकीय बहुतकनीकी के परिसर में शौचालयों का पुनरोद्धार। | 03.09.2025 09.09.2025 | 16.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जांट सायरवास ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में पंचायत घर का निर्माण (एचजीवीवाई स्कीम) + 2 कार्य। | 01.09.2025 08.09.2025 | 34.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1274222260 prexeeng.hry@nic.in |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | गांव सादिकपुर ब्लॉक सहजादपुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 04.09.2025 10.09.2025 | 26.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | गांव खेड़ी खुम्मार, ब्लॉक व जिला झज्जर में पार्क-सह-व्यायामशाला में शौचालय, वॉकिंग ट्रैक और अन्य सिविल कार्यों का निर्माण। | 03.09.2025 10.09.2025 | 10.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव मदाना खुर्द, ब्लॉक बेरी में पंचायती कुएं से बन्नी सिंह के मकान तक गली का निर्माण। | 03.09.2025 10.09.2025 | 17.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | ग्रेड-II के आईएसआई मार्क्ड सोडियम हाइपोक्लोराइट सोल्यूशन की खरीद। | 05.09.2025 06.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | जिला परिषद, सोनीपत | गांव खेड़ी दमकान में एसएचसी का निर्माण + 7 कार्य। | 02.09.2025 09.09.2025 | 371.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच–11/2026/260/38457/I/88/7 दि. 05.09.25

# शिक्षामित्र व अनुदेशकों का बढ़ेगा मानदेय, कैशलेस इलाज की सुविधा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान शिक्षाविद और देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एस.राधाकृष्णान की जयंती शिक्षक दिवस पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को बड़ा तोहफा दिया। लोक भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने घोषणा की कि अब सभी शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोकभवन में शाम 4 बजे से शुरू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



### बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री पोषण से जोड़ने जा रहे हैं। बच्चा स्वस्थ होगा तो देश का भविष्य भी सुधरेगा। देश के अंदर सबसे ज्यादा प्रगति यूपी की बेसिक शिक्षा ने किया है। ये अलग-अलग संस्थाओं के सर्वे में साबित हो चुका है।

### नौ लाख शिक्षकों व उनके परिवार को भी तोहफा

शिक्षक दिवस पर सीएम योगी ने अध्यापकों को बड़ा तोहफा दिया। सीएम ने शिक्षकों के लिए कैशलेश उपचार की सुविधा देने की घोषणा की। इससे बेसिक, माध्यमिक के राजकीय, एडेड, सेल्फ फाइनेंस के सभी शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इससे करीब नौ लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसमें शिक्षामित्रों, अनुदेशक, रसोइया को भी जोड़ा जाएगा। यानी इन सभी को भी चिकित्सा का लाभ मिलेगा। शिक्षामित्र, अनुदेशक का मानदेय भी जल्द बढ़ेगा। इसके लिए कमेटी बन गई है। सीएम ने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट आने वाली है। उसके आधार पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। इस मौके पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन काफी प्रेरणादायी है। हम लोग डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मना रहे हैं। उनके योगदान को याद कर रहे हैं। शिक्षकों को सिर्फ सम्मानित ही नहीं, उनकी निष्ठा और योगदान को प्रणाम करने के लिए यह कार्यक्रम है। राधाकृष्णन राष्ट्र के शिल्पकार भी हैं। उस दीपक की तरह जो खुद को जलाकर दूसरे का रास्ता प्रशस्त करता है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी की दो टूक अनुशासनहीनता पर होगी कड़ी कार्रवाई

एजेंसी ⏭ कानपुर



कानपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का आपस में आरोप-प्रत्यारोप लगाना या पार्टी के विरुद्ध कार्य करना अनुशासनहीनता में आता है। पिछले दिनों इस तरह की जो भी बातें सामने आई हैं।

इस संबंध में कुछ लोगों को नोटिस जारी की गई है और संगठन इस पर गंभीरता से विचार कर रहा है। जल्दी ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं, चौधरी ने बाराबंकी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों पर हुई लाठी चार्ज के मामले पर भी कहा कि सरकार इसकी गंभीरता से जांच कर रही है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के गठन की प्रक्रिया राष्ट्रीय स्तर से जिला स्तर तक धीरे-धीरे पूरी की जाएगी। हालांकि इसमें देरी हुई है, इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बिहार चुनाव में एनडीए की होगी एकतरफा जीत



**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार के चुनाव में भाजपा और एनडीए गठबंधन की एकतरफा जीत होने जा रही है। कांग्रेस की भ्रष्टाचार वाली नीति के चलते भारत आज विश्व में पिछड़ गया है। हमसे बाद में आजाद होने वाले देश विकसित देश बन गए हैं जबकि भारत आज भी विकासशील देश है। कांग्रेस, राजद एंड कंपनी के मुद्दों की हवा निकल गई है। जनता बिहार चुनाव में इनको जवाब देगी।

### आगरा में भारी बारिश का अलर्ट, स्कूलों की छुट्टी




**आगरा।** जिले में बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस बीच मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिसके बाद डीएम ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के सभी विद्यालयों में कक्षा 8वीं तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी ने साफ कहा है कि इन आदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन किया जाए।

### पाकिस्तान को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने की भविष्यवाणी

# अंदर से खोखला हो चुका है, बहुत जल्द 'खत्म' होने वाला है वजूद

सीएम योगी ने पाकिस्तान के वजूद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अंदर से खोखला हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द पाकिस्तान का वजूद खत्म होने वाला है

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने एक सभा के दौरान मंच से पाकिस्तान पर निशाना साधा। सीएम योगी ने इस दौरान बड़ी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि बहुत जल्द पाकिस्तान का वजूद खत्म होने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि अराजक राष्ट्र की स्थिति वैसी ही होती है जैसी पाकिस्तान की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पूरी तरह से अंदर से खोखला हो चुका है, अस्त-व्यस्त हो चुका है। ये अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति के कगार पर ले जाकर उसके अस्तित्व के सामने प्रश्न चिह्न खड़ा कर सकता है।

**खास बातें**

- अराजक राष्ट्र की स्थिति वैसी ही होती है जैसी पाकिस्तान की है
- भारत बहुत प्राचीन काल से ही सजग व सतर्क रहा है

### बहुत शीघ्र समाप्त होता है अराजक राष्ट्र



सीएम योगी ने कहा, आचार्य चाणक्य ने एक बात कही थी कि किसी भी राष्ट्र में अगर आंतरिक रूप से उपद्रव हो तो वह राष्ट्र अराजक कहलाता है। अराजक राष्ट्र बहुत शीघ्र समाप्त हो जाता है। अराजक राष्ट्र की स्थिति वैसी ही होती है जैसे आज आप पाकिस्तान की स्थिति को देख रहे हैं। पूरी तरह से अंदर से खोखला हो चुका है, अस्त-व्यस्त हो चुका है। ये अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति के कगार पर ले जाकर उसके अस्तित्व के सामने प्रश्न चिह्न खड़ा कर सकता है। भारत इस स्थिति से बहुत प्राचीन काल से ही सजग रहा है और सतर्क रहा है। भारत की सुरक्षा के लिए उस तरीके के तौर-तरीकों को बनाने की एक प्रवृत्ति भी रही है।¤

**अराजकता कोई नहीं बर्दाश्त कर सकता**

*उन्होंने कहा, वैदिक काल खंड से ही भारतीयों को इस बात की शिक्षा दी जाती है कि धरती हमारी माता है, सब इसके पुत्र हैं। धरती हमारी माता है तो मां के साथ कोई भी सुयोग्य पुत्र, किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ और अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। अगर भारत की आन-बान और शान के साथ कोई दुस्साहस करेगा तो हर भारतवासी उठ करके खड़ा होगा। यही तो प्रभु श्रीराम ने हम सबको कहा था। राक्षसों के उत्पात की स्थिति में उन्होंने कहा था कि मैं इन राक्षसों को पूरी तरह समाप्त करके इस धरती को राक्षस विहीन करूंगा। इसका मतलब, उन उपद्रवी तत्वों को, जो हमारी राष्ट्र की सुरक्षा में सेंध लगा रहे हैं इनसे अपने राष्ट्र को मुक्ति दिलाऊंगा। ये संकल्प रामराज्य की आधारशिला बनी।*

### गोरखपुर में सीएम ने सुनी फरियाद, बोले- घबराइए मत

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, आपकी समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएंगे। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है।'जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ति व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

### जेडीयू कार्यकर्ताओं से बोले सीएम नीतीश

## चुनाव नजदीक है, घर-घर जाकर बिहार के विकास के बारे में बताएं



एजेंसी ⏭ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना जिले में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 1159 करोड़ 84 लाख रुपए लागत की कुल 17 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होने पालीगंज के सिकरिया ग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। सीएम नीतीश में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर बिहार के विकास के बारे में बताएं। अब कुछ ही दिनों में चुनाव होने हैं, इसीलिए आप सभी सक्रिय रहें। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

### पटना को कई हजार करोड़ की सौगात

सीएम नीतीश ने पटना को कई हजार करोड़ की सौगात दी। जिसमें पुनपुन पिण्डदान स्थल पर निर्मित लक्ष्मण झूला केबल सस्पेंशन पुल का उद्घाटन, पालीगंज प्रखंड अंतर्गत पुनपुन नदी पर आरसीसी पुल और पहुंच पथ, पुनपुन स्टेशन से पटना रिंग रोड को जोड़ने वाली सहायक रोड तक पथ का निर्माण कार्य, पालीगंज के उलार सूर्य मंदिर में पर्यटकीय सुविधा का विकास एवं सोहगी मोड़ को पटना-गया-रोड तक 2-लेन सड़क से जोड़ने के कार्य शामिल हैं।

साथ ही विद्युत शक्ति उपकेंद्र, नई लाइनों का निर्माण, विद्युत शक्ति उपकेंद्रों में ट्रांसफार्मर की क्षमता का विस्तार, लाइनों की रिकंडक्टरिंग, बीजीसीएल डबल सर्किट संचरण लाइन का निर्माण, 'बे' निर्माण तथा खगौल ग्रिड उपकेंद्र का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य आदि भी शामिल हैं।

### अतिपिछड़ा जनसंवाद यात्रा शुरू चलाई गई

हाल ही में जदयू की अतिपिछड़ा जनसंवाद यात्रा शुरू हुई है। अतिपिछड़ा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में नीतीश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से इसका शुभारंभ किया गया। यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न विधानसभाओं में जाकर बूथ स्तर पर नीतीश सरकार द्वारा अतिपिछड़ा वर्ग के लिए चलाई गई विकासात्मक योजनाओं और ऐतिहासिक पहलों की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाएगी।

## पेज एक का शेष

### 9 घंटे पहले...

बजकर 23 मिनट तक पूर्ण चंद्रग्रहण लग जाएगा। जिसकी कुल अवधि 1 घंटे 22 मिनट की होगी। बता दें कि ग्रहण का आरंभ होने से पहले सूतक काल का आरंभ हो जाता है।

### प्रवासियों के खिलाफ हो रहे...

**ऑस्ट्रेलिया ने सराहा भारतीयों का योगदान :** रणधीर ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की कुल संख्या 1 मिलियन के करीब है। जिसे लेकर मामले की गंभीरता को भांपते हुए हमारे दूतावास और कांसुलेट ने मुद्दे को ऑस्ट्रेलिया की सरकार के सामने पूरी मजबूती के साथ उठाया है। हम उनके लगातार संपर्क में बने हुए हैं। अपनी प्रतिक्रिया में ऑस्ट्रेलियाई पक्ष ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है कि भारत द्वारा उनके समक्ष उठाई गई चिंताएं वाजिब हैं। यह विरोध-प्रदर्शन चिंता का मामला हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में पक्ष-विपक्ष के कई नेताओं के बयान भी इस संदर्भ में सामने आए हैं। जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को एक बहु-सांस्कृतिक समाज बताते हुए कहा है कि इसमें हर पक्ष और समाज का योगदान है। भारतीय समुदाय के योगदान को स्वीकार करते हुए ऑस्ट्रेलिया के नेताओं ने सराहा है।

**साझेदारी को मजबूत बनाने के पक्ष में भारत :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत का यही मानना है कि विविधता हमारे समाज को मजबूती प्रदान करती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक व्यापक सामरिक साझेदारी है। जिसे हम न केवल महत्व देते हैं। बल्कि इसे और अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं। देश की सरकार भी विदेशों में रहने वाले हमारे सभी नागरिकों के प्रति प्रतिबद्ध है और वह उनके लिए लगातार काम करती रहेगी।

### अजरबैजान-आर्मेनिया ने मांगी ...

संबंध में कोई निर्णय नहीं हो पाया है। एससीओ के समक्ष ये मामला फिलहाल विचाराधीन है।

### कांग्रेस की मांग- एससी-एसटी...

बढ़ी है, लेकिन वहां आरक्षण लागू न होने और महंगी फीस के कारण एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बच्चे इन संस्थानों में पढ़ नहीं पाते हैं।

**केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 15(5) को लागू नहीं किया :** गौतम ने बताया कि यूपीए सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान संविधान में अनुच्छेद 15(5) जोड़ा गया, जिसके तहत निजी शिक्षण संस्थानों में एससी को 15 प्रतिशत, एसटी को 7.5 प्रतिशत और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 2008 और 2014 में इस प्रावधान को संवैधानिक ठहराया, लेकिन केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 15(5) को लागू नहीं किया। गौतम ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय स्थाई समिति की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए। रिपोर्ट के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों में एससी के केवल 0.89 प्रतिशत, एसटी के 0.53 प्रतिशत और ओबीसी के 11.16 प्रतिशत बच्चे ही पढ़ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति ने मोदी सरकार से इस दिशा में कानून बनाकर तुरंत अनुच्छेद 15(5) को लागू करने और निजी शिक्षण संस्थानों में एससी-एसटी, ओबीसी छात्रों को आरक्षण देने की सिफारिश की है।

**निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू नहीं किया :** आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू न करने को सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है और निजी संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 90 प्रतिशत बहुजन समाज को उच्च शिक्षा में केवल 12 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलना लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है।

**शीतकालीन सत्र में उठाएंगे मुद्दा :** कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से संसद के शीतकालीन सत्र में तुरंत कानून बनाकर निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करने के साथ-साथ कमजोर तबकों से आने वाले छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग, स्कॉलरशिप की व्यवस्था करने और जातिगत भेदभाव के खिलाफ सख्त नीतियां लागू करने की मांग की।

### अगले सप्ताह 9 सितंबर...

तक होगी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। जिससे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकेगा। प्रधानमंत्री रामगुलाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। भारत यात्रा के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री करीब पांच शहरों का दौरा करेंगे। जिसमें राजधानी दिल्ली, मुंबई, अयोध्या, वाराणसी और त्रिरुपति शामिल हैं। मुंबई में वह बिजनेस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि मॉरीशस के पीएम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के 2014 के पहले कार्यकाल में हुए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भी नई दिल्ली की यात्रा कर चुके हैं।

### जीएसटी दर में...

जेब में जाता है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है।

⏭ पहले चार स्लैब थे, अब दो किए गए, इसके पीछे की वजह क्या है?

⏭ एक चरण वो था एक चरण ये है। उस समय देश की स्थिति अलग थी, इस समय अलग है। जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू की गई। उसके पहले देश में 17 प्रकार के टैक्स लगते थे। इससे व्यापारी भी परेशान और प्रताड़ित होते थे। कई तरह के भ्रष्टाचार का भी सामना करना पड़ता था। जीएसटी के लिए राहुल गांधी कहते हैं गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली। गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली तो वो थी जिसे कांग्रेस ने कभी सुधारने की कोशिश नहीं की। पहले टैक्स पर टैक्स लगता था। आटे पर टैक्स लगता था, फिर ब्रेड पर टैक्स लगता था, फिर सैंडविच पर टैक्स लगता था। उसको भी समाप्त करना जरूरी था। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। यह प्रणाली जब आज अच्छी हो गई तो इसको दूसरे रूप में रिफार्म करने का काम किया गया है। आज अगर मोदी जी नहीं होते तो ऐसा फैसला करने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। 1947 से 2017 तक के 70 सालों में कुल 66 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष टैक्स से जोड़ पाए। 2017 से 2025 तक के आठ साल में हम 85 लाख टैक्स देने वाले जोड़ पाए हैं।

⏭ ऐलान के बाद फैसले के लिए बने मंत्रियों के समूह में आप भी थे, बताएं, कितने घबरा कर उस बैठक में गए थे?

⏭ कमेटी पहले से बनी हुई है। उस कमेटी में विचार पहले से चल रहा था कि किस वस्तु पर दर कम करनी चाहिए। यह बात सही है कि टैक्स का रेट कम किया गया है तो राज्यों में कुछ समय के लिए टैक्स में जरूर कमी आती दिखेगी, लेकिन यह बात भी है कि वह पैसा आम आदमी की जेब में जाएगा। ऐसे में आम आदमी की खरीदी की क्षमता बढ़ जाएगी। इससे टैक्स में भी इजाफा होगा। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो उसका स्टैंडर्ड डबल स्टैंड वाला होता है। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने सर्वसम्मति बनाने का काम किया।

⏭ केंद्र सरकार को अपनी जेब से कितनी कटौती करनी पड़ी, सेस भी गायब हो गया, इसका कितना फर्क पड़ेगा?

⏭ केंद्र सरकार को इससे नुकसान भी हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी ऐसे-ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। सेस की जहां तक बात है कोयले पर चार प्रतिशत सेस लगता है। ये सेस विशेष मकसद से लगाया गया था। कोरोना के समय केंद्र और राज्यों का राजस्व गिर गया था। राज्यों के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने ऋण लिया था। उसको चुकाने के काम में सेस आता है। अक्टूबर 2025 तक यह ऋण पूरा हो जाएगा, इसलिए अब सेस की जरूरत नहीं रहेगी। कोयले पर जो सेस लिया जाता है, वह भारत सरकार के खाते में जाता है, अब जीएसटी में आने के कारण इसका 50 फीसदी राज्यों को मिलेगा। एक अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार को भी इससे दो से तीन हजार करोड़ हर साल मिलेंगे।

⏭ बैठक में कौन से ऐसे विषय थे जो करना तो चाहते थे, लेकिन सहमति नहीं बन पाई?

⏭ ऐसा कोई भी विषय इस बार जीएसटी काउंसिल में नहीं रहा जिस पर सहमति नहीं बन सकी हो और उसको अगली बार के लिए छोड़ दिया गया हो।

⏭ टैक्स अधिकारियों के टेरर को लेकर कोई बात हुई क्या इससे व्यापारियों को कैसे राहत दिलाए?

⏭ कोई भी टैक्स देने वाला कंफर्ट जोन में होना चाहिए, यह तय करना सबकी जिम्मेदारी है। मैं अपने अधिकारियों को कहता हूं कि अगर किसी के टैक्स देने में दस-बीस प्रतिशत की कमी भी है तो ऐसे केस को देखो ही मत। लेकिन जो लोग सैकड़ों फर्जी फर्म बनाकर काम करते हैं, सरकार के करोड़ों रुपए संगठित अपराध करके लूटने का काम करते हैं, उनको किसी भी हाल में छोड़ना नहीं है।

⏭ विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की और के लिए कोई लक्ष्य तय है क्या?

⏭ प्रधानमंत्री ने इसके लिए जो लक्ष्य तय किया उससे तय है कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। राज्य भी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। हम भी प्रयास कर रहे हैं कि 2047 तक छत्तीसगढ़ कैसे विकसित राज्य बनेगा।

### तेजस्वी ने बिहारी अस्मिता से खिलवाड़ पर आपत्ति जताई

**पटना।** बी से बीड़ी और बी से बिहार वाले केरल कांग्रेस के पोस्ट पर राज्य की का सियासी पारा हाई हो गया है। भाजपा,जदयू और हम पार्टी की आलोचना के बाद कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने सफाई दी है तो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी बिहारी अस्मिता से खिलवाड़ पर आपत्ति जताई है। बताया जा रहा है कि उस पोस्ट को पार्टी की ओर से डिलिट कर दिया गया है।

जीएसटी सुधार के बाद केरल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक बीड़ी वाला पोस्ट क्या आया, चुनाव वाले बिहार में सियासत सुलग गई। एनडीए के सभी दल कांग्रेस पर हमलावर हो गए। जेडीयू ने बिहारी स्वाभिमान के बहाने तेजस्वी यादव को भी लपेटना शुरू कर दिया। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमने उस पोस्ट को नहीं देखा है।

### ओवर स्पीड में चलाने का आरोप

## अखिलेश यादव की गाड़ियों का 8 लाख रु. का चालान

एजेंसी ⏭ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के काफिले में शामिल गाड़ियों का आठ लाख का चालान किया गया है। शुक्रवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इस बात की जानकारी खुद अखिलेश यादव ने दी। अखिलेश यादव ने इस चालान को भी भाजपा की साजिश करार दिया। अखिलेश ने कहा कि ओवर स्पीडिंग को देखने के लिए जो सिस्टम चला रहा होगा, वह भाजपा का नेता ही होगा। कहा कि हम उसे ट्रेस करेंगे कि वह आखिर है कौन जो जानबूझकर हमारी ही गाड़ियों का चालान कर रहा है।



दरअसल गाजीपुर का एक युवक अखिलेश के पास पहुंचा और आरोप लगाया कि उसकी गाड़ी को लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में सीज कर दिया गया। गाड़ी का बीस हजार का चालान काटा गया। कोर्ट के जरिए सात दिन बाद जब उसकी गाड़ी वापस मिली तो पता चला कि गाड़ी के कई पाट्र्स गायब थे। कुछ दूर चलने पर गाड़ी का इंजन भी सीज हो गया।

अखिलेश ने कहा कि हमारी गाड़ियों का चालान तो पार्टी भर देगी। गाड़ियां पार्टी के नाम पर हैं। कुछ गाड़ियां सरकारी थी। वह तो सभी के साथ चलती हैं। उसका चालान भी सरकारी कोटे से भर ही जाएगा लेकिन टैक्सी में गाड़ी चलाने वाले गरीब आदमी का चालान कर दिया गया।

### हजारीबाग में फिर हुआ महापुरुषों का अपमान

## शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा तोड़

एजेंसी ⏭ हजारीबाग

यहां महापुरुषों का अपमान थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर की चौक चौराहा पर स्थापित किए गए महापुरुषों की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पहले मंगलवार की रात पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने स्वतंत्रता सेनानी सिदो कान्हू की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। जिससे आदिवासी समाज आंदोलन हो उठा था। सड़क जामकर आंदोलन की चेतावनी दी थी। यह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि बदमाशों ने सदर प्रखंड मुख्यालय के सामने शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया।

### प्रतिमा को गिराने का बहुत प्रयास किया




अराजक तत्वों ने नीलांबर पीतांबर प्रतिमा को गिराने का बहुत प्रयास किया, लेकिन 26 जुलाई की रात पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय और सिदो कान्हू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद हाल के दिनों में नवनिर्माण मे मजबूती के कारण बदमाश सफल नहीं हो पाए। तब उनके हाथ के तीर धनुष को क्षतिग्रस्त कर चलते बने। जैसे ही सदर पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली। पुलिस के होश फाख्ता हो गए। प्रतिमा तोड़ने के रोकने के प्रयास असफल हो गए।



# बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style



# अनन्या
## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत

अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




# दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



# मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



# किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

टीवी मसाला



# बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

## कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

# कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

## मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

# द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



## नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं।क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



## रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

## जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

## ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

## पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

## राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

## सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

खबर संक्षेप

## अब सीधे विश्वविद्यालयों को मिलेगी विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति

**भोपाल।** विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति की राशि अब सीधे उस विश्वविद्यालय या संस्थान के खाते में डाली जाएगी, जिसमें छात्र अध्ययनरत है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के आयुक्त सौरभ कुमार सुमन ने बताया कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और छात्रों को उनकी छात्रवृत्ति का लाभ समय पर मिल सकेगा। छात्रों के हित में ये फैसला पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के आयुक्त सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में लिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई बैठक में योजनाओं की प्रगति और लंबित मामलों की समीक्षा की गई। आयुक्त सुमन ने छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## आवास संघ को सशक्त निर्माण एजेंसी बनाने तैयार करें कार्ययोजना

**भोपाल।** आवास संघ को एक सशक्त निर्माण एजेंसी के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस और दूरदर्शी कार्ययोजना तैयार की जाएं। यह निर्देश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को मप्र राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सारंग ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर उनकी निधि से किए जाने वाले निर्माण कार्य आवास संघ को दिए जाने हेतु आग्रह करें। उन्होंने कहा कि सहकारिताओं के बीच सहकार की भावना को मूर्त रूप देते हुए सहकारिता विभाग के अंतर्गत राज्य संघ, उपभोक्ता संघ एवं अन्य सहकारी संस्थाओं से संबंधित सभी निर्माण कार्यों के लिए आवास संघ को नोडल एजेंसी बनाया जाए। मंत्री सारंग ने कहा कि एम-पैक्स से जुड़े निर्माण कार्य भी आवास संघ को ही सौंपे जाएं। उन्होंने आवास संघ की गतिविधियों के विस्तार के लिए सभी सहकारी सोसाइटियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इस दिशा में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# 5500 करोड़ की लागत से 28.5 किमी. लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनेगा

### केंद्रीय मंत्री मनोहर और मुख्यमंत्री सैनी ने किया गुरुग्राम मेट्रो का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेट्रो सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है। जहां 2014 तक केवल 5 शहरों में 248 किलोमीटर मेट्रो सेवा थी उसे अब बढ़ाकर 24 शहरों में 1066 किलोमीटर की मेट्रो सेवा उपलब्ध है और 970 किलोमीटर मेट्रो सेवा का कार्य पाइपलाइन में है जिसके पूरा होने के बाद भारत दुनिया का नम्बर वन देश मेट्रो सेवा प्रदान करने में बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर सभागार में गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित गुरुग्राम मेट्रो भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की जबकि हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक गुरुग्राम मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर व पटौदी विधायक बिमला चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को शिक्षक दिवस, ओणम और ईद के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इससे पूर्व सेक्टर 44 में मेट्रो सेवा का भूमि पूजन करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।



### हरियाणा को जल्द 450 नई बसें दी जाएगी : मनोहर लाल

उन्होंने बताया कि शहरी मंत्रालय की ओर से देश में 10 हजार बसें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी इनमें से 450 बसें हरियाणा को मिलेंगी और इसमें से 100 बसें गुरूग्राम शहरी क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेट्रो स्टेशन की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एप के माध्यम से यातायात सुविधा यात्रियों को मुहैया कराई जाएगी।

### आमजन को मिलेगी सुविधा

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो सेवा आमजन की सुविधा के लिए प्रदान की जा रही है। वे विश्वास दिलाते हैं कि देश में जिन शहरों में मेट्रो कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी तो शहरी मंत्रालय मेट्रो सेवा की स्वीकृति देते हुए उसे पूरा करने का काम करेगा। उन्होंने गुरुग्राम क्षेत्र के लोगों को इस नई मेट्रो सेवा प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के शुभारंभ पर बधाई दी।

### प्रोजेक्ट में 27 स्टेशन बनेंगे

कार्यक्रम के मुख्यातिथि केंद्रीय आवास मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ करीब 5500 करोड़ रुपए की लागत से मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक, द्वारका एक्सप्रेस वे तक जाने वाले 28.5 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर का भूमि पूजन किया, इस प्रोजेक्ट पर 27 स्टेशन बनेंगे। यह मेट्रो सेवा नए और पुराने गुरुग्राम को जोड़ेगी।

### समिति की बैठक में किया शिकायतों का निपटारा

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ईमानदारी से नागरिकों की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करें। हरियाणा सरकार अंत्योदय उत्थान के ध्येय के साथ धरातल पर कार्य कर रही है और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में कुल 18 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 14 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।

### सीएम डॉ. यादव ने इंदौर में किया 50 नई इलेक्ट्रिक बसों का लोकार्पण

# सीएम ने किया स्वच्छता कर्मवीरों का सम्मान, साथ बैठकर भोजन

स्वच्छता ही सेवा' अभियान कार्यक्रम में डॉ. मोहन ने कहा, स्वच्छता से आती है समृद्धि

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में लोक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 60 करोड़ रुपए की लागत की 50 नई इलेक्ट्रिक बसों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इंदौर को कुल 150 नई इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। इन बसों में डिजिटल पेमेंट व्यवस्था भी रहेगी। डॉ. यादव ने डिजिटल पेमेंट व्यवस्था का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री बस में सवार भी हुए और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, जीपीएस, सीसीटीवी, पेनिक बटन एवं अन्य सुविधाओं को देखा। उन्होंने कहा कि इंदौर में सड़क, वायु मार्ग और रेल मार्ग का तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता कर्मवीरों का सम्मान कर उनके साथ सहभोज किया।

**खास बातें**

- इंदौर को मिलेंगी कुल 150 नई बसें, डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था रहेगी : सीएम
- स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों को सीएम ने दी बधाई



### रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का भूमिपूजन




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर्चुअली भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंदिर के विकास के संबंध में तैयार प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया। मंदिर के पुनर्विकास पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भक्तों के लिए अनेक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इस राशि से भव्य द्वार शेड एवं बाउंड्रीवॉल पाथ-वे और उद्यान विकसित करने के कार्य किए जाएंगे। मंदिर के वर्तमान स्वरूप को बरकरार रखा जाएगा। यह कार्य मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायकगण नगर निगम के सभापति, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में सफाई मित्र और उनसे जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### स्वच्छता से खुलता है समृद्धि का द्वार

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता से समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने लगातार आठ बार प्रथम स्थान प्राप्त कर देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके लिए इंदौर के सभी 36 लाख नागरिक और विशेष रूप से स्वच्छता कर्मवीर बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में विश्वस्तरीय पहचान बनाई है। यह उपलब्धि टीम भावना, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सफाईकर्मियों की अथक मेहनत से संभव हुई है।

### स्वच्छता कर्मवीरों के योगदान की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर को स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार आठ बार अव्वल बनाने के लिए स्वच्छता कर्मवीरों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मवीरों ने कर्मठता, लगन, मेहनत, सेवा और समर्पण भाव से कार्य कर इंदौर को ऊंचाईयों तक पहुंचाया है।

### व्यवस्था बहाल करने में जुटा नगर निगम

# भारी बारिश बनी सिरदर्द निचले इलाकों में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुआ मानसून अपना असर दिखा रहा है। झमाझम बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। साथ ही कई निचले इलाकों में जलभराव के हालात बन गए। मूसलाधार बारिश और जलभराव ने जिले में सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। फिलहाल नगर निगम व्यवस्था बहाल करने में लगा हुआ है। दरअसल, बिलासपुर में बुधवार की रात को हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। साथ ही पिछले 18 सालों की बारिश का रिकॉर्ड भी टूट गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिछले 24 घंटों में करीब 4.09 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही तहसील में बारिश का आंकड़ा 5 इंच से अधिक का पहुंच चुका है।



### कई घंटों तक लगातार हुई बारिश

*देर रात से गुरुवार की सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव के हालात पैदा हो गए। जिले की सरकंडा, जोरापारा, बंधवापारा, इमलीभाठा, कपिल नगर, बिरकोना और विद्यानगर कॉलोनी तालाब बन गए। यहां के 100 से अधिक घरों में पानी घुस गया। कलेक्टर बंगले से लेकर पुराने बस स्टैंड और गोल बाजार में ढाई फीट पानी में डूब गया।*

### 50 से अधिक घरों में जलभराव

जलभराव की जानकारी देते हुए नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि बिरकोना खार से निकले पानी के कारण हालात बने हैं। बंधवापारा, जोरापारा और सरकंडा क्षेत्र के 50 से अधिक घर जलभराव से प्रभावित हुए। राजस्व विभाग और नगर निगम की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं। हालांकि जल भराव के समय जिम्मेदार गायब रहे। जलभराव के चलते सामान-राशन सब बर्बाद हो गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **श्री दामोदर अग्रवाल** स्मृतिक्लॉथ के प्रॉप: दुकान नंबर 429, मेन मार्केट, मंदिर वाली गली नंबर 10, एक्सिस बैंक के सामने, कापसहेड़ा बॉर्डर, नई दिल्ली-110037, ने **सीसी संख्या 2877/20 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री दामोदर अग्रवाल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री दामोदर अग्रवाल** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **श्री दामोदर अग्रवाल, सीसी संख्या 2877/20 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए सुबह 10:00 बजे दिनांक **08.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आरुषि परवाल एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (एनआई-एक्ट)
केंद्रीय अनुलग्नक-01, कक्ष संख्या 02
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11664/N/2025

## 101 नदियों के उद्गम स्थल पर पहुंचे मंत्री प्रहलाद



# मंत्री पटेल पैदल चलकर नदियों के संरक्षण के लिए कर रहे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जलवायु परिवर्तन और जल संकट की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नदियों के संरक्षण के लिए एक अनूठा अभियान प्रारंभ किया हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य जनजागरण के माध्यम से लोगों को प्रकृति और नदियों से जोड़ना है।

राज्य शासन के 'जल गंगा संवर्धन अभियान' से प्रेरित होकर मंत्री पटेल ने नदियों के उद्गम स्थल की यात्रा शुरू की। अब तक वे 101 नदियों के उद्गम स्थल तक पहुंच चुके हैं। नर्मदा परिक्रमावासी होने के नाते उन्होंने यह संकल्प लिया है कि वे अपनी यह यात्रा मां नर्मदा जी के चरणों में अर्पित करेंगे। उनका लक्ष्य 108 नदियों के उद्गम स्थल तक पहुंचने का है। नर्मदा जी के उद्गम स्थल पर नमन करके उन्होंने 101वां पड़ाव पूर्ण किया। इस अभियान की विशेषता यह है कि मंत्री स्वयं पैदल गांव, जंगल और पहाड़ियों से गुजरकर उद्गम स्थल तक पहुंच रहे हैं।

## सिंघार बिखरी हुई कांग्रेस पार्टी पर ध्यान दें : अग्रवाल

**भोपाल।** कांग्रेस नेता उमंग सिंघार द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है। अग्रवाल ने कहा कि उमंग सिंघार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सलाह देने से पहले अपनी गिरेबां देखें। उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी में स्थिति कितनी दयनीय है, यह सबको दिख रहा है। नेता प्रतिपक्ष को यदि विधायिका के नियम नहीं पता, तो यह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए शर्म की बात है। वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल पर कह रहे हैं कि उन्होंने विधानसभा सत्र में अपने क्षेत्र के विकास की मांग रखी। यह तो एक विधायक का मूल कर्तव्य है। अगर कोई विधायक अपने क्षेत्र के विकास के लिए मांग नहीं करेगा, तो कहां करेगा? हकीकत यह है कि कांग्रेस के नेता झूठ और नफरत की राजनीति में इतने डूब चुके हैं कि उन्हें लोकतंत्र की बुनियादी समझ तक नहीं बची।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जीएसटी स्लैब में बदलाव का स्वागत कर जताया आभार

# जीएसटी का सरलीकरण कर देश की जनता को बड़ा उपहार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जीएसटी काउंसिल द्वारा टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव का स्वागत किया है। जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ देश की 90 प्रतिशत आबादी करीब सवा सौ करोड़ लोगों के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जीएसटी स्लैब में बदलाव के ऐतिहासिक फैसले से देश आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा।

### समाज के हर वर्ग को मिलेगा लाभ

*खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए कर ढांचे को नागरिक केंद्रित बनाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की बात कही थी और जीएसटी स्लैब में किया गया बदलाव इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। जीएसटी के ढांचे में जो बदलाव हुआ है, उसका लाभ किसी न किसी रूप में समाज के हर वर्ग को मिलने वाला है।*

## मोबाइल एकेडमी किलकारी कार्यक्रम के लिए भोपाल को अवॉर्ड

**भोपाल।** राज्य स्तरीय मोबाइल एकेडमी एवं किलकारी कार्यक्रम कार्यशाला में भोपाल जिले को इस कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री द्वारा आशा कायकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया तथा उन्हें अपने-अपने ग्राम एवं क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्ण जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया। भोपाल जिले को ये अवार्ड 100 फीसदी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा मोबाइल अकादमी कोर्स पूरा करने पर प्रदान किया गया है। जिले की ओर से जिला कम्युनिटी मोबाइलाइजर निलेश लगरखा ने यह अवार्ड प्राप्त किया। मोबाइल अकादमी एवं किलकारी कार्यक्रम का शुभारंभ 2016 से किया गया था। मोबाइल अकादमी आशा कार्यकर्ताओं के लिए दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें 11 अध्याय और 44 पाठ सम्मिलित हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अमजद पुत्र** मोहम्मद आलम **निवासी** A-6/2, गली नं0–09, ए–ब्लॉक, शास्त्री पार्क, दिल्ली, ने **FIR No. 45/18, U/S 12/9/55 Gambling Act, पुलिस स्टेशन कोतवाली, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अमजद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अमजद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 45/18, U/S 12/9/55 Gambling Act, पुलिस स्टेशन कोतवाली, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अमजद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय),**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं0–272,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11865/N/2025**
**(Court Matter)**

### नेता प्रतिपक्ष उमंग के बयान पर भाजपा ने बोला हमला

# सिंघार पहले इतिहास का अध्ययन और मंथन करें, बाद में बयान दें: उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर भारत सरकार के मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जनजातीय समाज को सनातन धर्म से अलग बताकर समूचे जनजातीय समाज का अपमान किया है। वास्तव में जनजातीय समाज के लोग हिंदू धर्म में रचे-बसे हैं। भगवान महादेव के वंशज जनजातीय समाज के लोग उनके आराधक भी हैं। उइके ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का बयान तथ्यों और प्रमाणों रहित तथा अज्ञानता पर आधारित है। वास्तव में जनजातीय समाज हिंदू धर्म में रचा-बसा है। जनजातीय समाज के लोग भगवान महादेव के वंशज, पूजक और आराधक रहे हैं। अधिकांश गोंड राजाओं के किलों में मां काली और भगवान महादेव के मंदिर आज भी मिलते हैं। भगवान राम ने जनजातीय समाज की माता शबरी के झूठे बेर खाकर उन्हें सम्मानित किया था।

*केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर दी प्रतिक्रिया*

### जनजातीय समाज में दिखता है हिंदू जीवन पद्धति का मूल स्वरूप :गजेंद्र

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान को तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में आदिवासी समाज को हिंदू समाज का अभिन्न अंग माना गया है। आदिवासी समाज पेड़, नदी, जल, पहाड़ों को पूजने के साथ-साथ हिंदू समाज के सभी त्योहारों दशहरा, दीपावली, होली, रक्षाबंधन आदि को मनाता है। आदिवासी समाज हिंदू समाज का अभिन्न अंग है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भ्रम फैलाने के साथ आदिवासी समाज को बरगलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन आदिवासी समाज कांग्रेस को अच्छी तरह से जानता है। हम समस्त आदिवासी जन सनातन धर्म को मानते हैं। हिंदू समाज की जीवन पद्धति का मूल स्वरूप हममें व्याप्त है।

### सिंघार ने जनजातीय समाज को धार्मिक रूप से बदनाम किया

*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने बयान से पूरे जनजातीय समाज को धार्मिक रूप से बदनाम किया है। आदिवासी समाज सनातन संस्कृति को मानने वाला हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है। सभी जनजातीय लोग प्रकृति, पीपल, तुलसी की पूजा के साथ हनुमान जी की पूजा करते हैं। पूरा आदिवासी समाज देवी देवताओं की आराधना करता है। उमंग सिंघार ने घटिया राजनीति करके हमारे आदिवासी समाज के भाइयों और बहनों को धार्मिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की है।*

## बैतूल की जनता झूठे तंज नहीं जमीनी काम देखती है : नेहा बग्गा

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कांग्रेस नेता उमंग सिंघार को घेरा है। बग्गा ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उमंग सिंघार जैसे गुमनाम नेताओं को तब याद आता है बैतूल, जब मीडिया में खुद को ज़िंदा दिखाना हो। जो नेता अपनी ही पार्टी में पोस्टर से ग़ायब हों, वो दूसरों की सरकार में 'कद' तलाश रहे हैं? कांग्रेस के अंदर जिनकी आवाज़ कुर्सियों तक नहीं पहुंचती, वो सत्ता में 'सुनवाई' पर भाषण दे रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का विकास चौतरफा है। सड़क हो, शिक्षा हो, रोजगार या ग्रामीण विकास, हर क्षेत्र में बैतूल ने नई ऊंचाईयां छुई हैं। बैतूल में भाजपा सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन उर्फ राहुल**, पुत्र **धरा सिंह**, पता **574/13, शर्मा कॉलोनी, बुद्ध विहार, दिल्ली** और **746/70/2, श्याम कॉलोनी, बुद्ध विहार, दिल्ली** ने case **e-FIR No. 24834/22 U/s 379/411 IPC, थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नितिन उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नितिन उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **e-FIR No. 24834/22 U/s 379/411 IPC, थानाः राजिंदर नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीति**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (केन्द्रीय)**
**केन्द्रीय जिला, कोर्ट नं. 150**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11432/CD/2025 (Court Matter)**

## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।

## सोशल मीडिया

डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो

हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरों, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विवादित बयान

प्रमोद भार्गव


# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।**

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोशित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail..com पर दे सकते हैं।

# हमारे जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
## दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

# जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है




संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज में शिक्षकों की भूमिका

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। **-परेश चौहान**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत



भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है



मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में, मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं-जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।

## X ट्रेंड

### पंजाब में जलप्रलय



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जयंती पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आपदा में बह गए निर्माण



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जुनून की परीक्षा



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सेल का आर्ट ऑफ लिविंग के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने कर्मचारियों के संपूर्ण कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक समझौता किया है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर तीन सितंबर, 2025 को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हस्ताक्षर किए गए।

### बाटा ग्राहकों को दे रहा जीएसटी कटौती का लाभ



**कोलकाता।** जूता-चप्पल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बाटा इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 'बाटा प्राइस प्रॉमिस'' पहल पेश की है। इसके तहत 22 सितंबर से शुरू होने वाली आधिकारिक पेशकश से पहले 1,000 रुपये से कम कीमत वाले फुटवियर पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।

### टीसीएस ओडिशा सरकार के लिए बनाएगी आईएफएमएस



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को ओडिशा सरकार ने कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए चुना है। टीसीएस ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि 'आईएफएमएस 3.0' ओडिशा के व्यापक सार्वजनिक वित्तीय कामकाज को स्वचालित करेगी।

# जीएसटी दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती : विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- इनमें अब कर की दरें पांच और 18 फीसदी होगी

सरकार के आवश्यक दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। जीएसटी परिषद ने बुधवार को सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत के चार स्लैब को घटाकर केवल दो करने का फैसला किया। इनमें कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी तथा अति-विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर होगी।

## दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों के दरों में की कटौती

### देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम

ओझा ने कहा, यह कमजोर तबके के लोगों के लिए उपचार अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारस हेल्थ के मुख्य परिचालन अधिकारी (ग्रुप) विनीत अग्रवाल ने कहा, जीएसटी सुधार भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### परिवर्तनकारी उपलब्धि : रीजेंसी हेल्थ

रीजेंसी हेल्थ के सीईओ अभिषेक कपूर ने कहा, " ये जीएसटी सुधार स्वास्थ्य सेवा की सामर्थ्य में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। खासकर उन मरीजों के लिए जो पुरानी और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। 33 जीवन रक्षक दवाओं और कैंसर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं पर जीएसटी खत्म करने से इलाज की लागत का बोझ काफी हद तक कम हो गया है।

*वित्तीय दबाव कम किया :* मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, सुधारात्मक उपकरण और व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटा सरकार ने परिवारों पर वित्तीय दबाव कम किया है और गुणवत्तापूर्ण देखभाल को और अधिक सुलभ बनाया है।

### दवाओं पर जीएसटी अब पांच फीसदी

*इन सुधारों के तहत सभी दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियों जैसी आपूर्तियों पर कर 12 प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत किया गया है।*

### स्वास्थ्य सेवाएं होंगी किफायती : ओझा

*आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा, " स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है।*

## सीबीआईसी के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# सरकार सुनिश्चित करेगी, जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चेयरमैन ने कहा, ''सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।''

### चार स्लैब की जगह अब दो स्लैब

अग्रवाल ने यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया।

### रोजमर्रा के सामानों पर दरें कम की गई

*अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। तंबाकू और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों पर दरें कम की गयी हैं।*



- मंत्रालय एवं संबंधित विभागों के साथ नजर रखी जा रही
- सरकार कटौती का लाभ दिलवाने काम कर रही
- प्रक्रिया को सरल बनाने से विवाद में कमी आएगी

### दरों को युक्तिसंगत बनाया गया

विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे।'' पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

### जल्द सुधार लागू करने की मांग

रिफंड, पंजीकरण प्रक्रियाओं को तेज और सरल बनाया गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। नयी दरों के दिवाली से पहले लागू करने के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक दरों में कटौती की उम्मीद में अपनी खरीदारी टाल रहे थे और उद्योग जगत से जल्द कर सुधार लागू करने की मांग आने लगी थी।

### एमआरपी का मामला सुलझ जाएगा

अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति श्रृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी।''

### प्रतिस्पर्धा के कारण लाभ तुरंत मिलेगा

अग्रवाल ने कहा, ''चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुरंत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें।''

### कीमतों के रुख पर कड़ी नजर

अग्रवाल ने कहा, ''हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।' सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, ''अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे।

# सेबी ने अपने नाम से हो रहे फर्जीवाड़ा को लेकर निवेशकों को किया आगाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें
- व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे। कुछ मामलों में तो इन धोखेबाजों ने सेबी के नाम से फर्जी नोटिस जारी कर अनुपालन सेवाओं, दंड या जुर्माना भरने के नाम पर धन की भी मांग की। सेबी ने एक बयान में कहा,



"भोले-भाले निवेशक इन धोखेबाजों पर विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।"

### प्रामाणिकता जरूर जांच ले

उसने लोगों से अधिक सतर्क रहने का आह्वान किया। नियामक ने निवेशकों से कहा है कि वे किसी भी सूचना या भुगतान संबंधी संदेश की प्रामाणिकता जरूर जांच लें और गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी से आए संदेशों का जवाब न दें। निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी ने स्पष्ट किया कि उसके सभी प्रवर्तन कार्रवाई के विवरण उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**सेबी को भुगतान उसके लिंक पर ही किए जाए:** सेबी को किसी भी निपटान या वसूली संबंधी भुगतान केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिये ही किए जा सकते हैं। बयान के मुताबिक, सेबी से आने वाले असली ई-मेल केवल उन पते से भेजे जाते हैं, जिनके अंत में सेबी.गॉव.इन लिखा होता है। इसके अलावा सेबी के कार्यालयों के पते भी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) जितेन्द्र** पुत्र जिया लाल निवासी मकान नं. आरजेडजी-151, निहाल विहार, दिल्ली और ग्राम कुर्मी का पुरवा, नगवा नबाबगंज, गोंडा, उत्तर प्रदेश, **(2) विपिन** पुत्र प्रथ्वी सिंह निवासी-आरजेडजी-151, निहाल विहार, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 830/2019 धारा 323/341/34 भा.द.स थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) जितेन्द्र, (2) विपिन** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) जितेन्द्र, (2) विपिन** फ़रार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1) जितेन्द्र, (2) विपिन, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 830/2019 धारा 323/341/34 भा.द.स थाना निहाल विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री कोमल गर्ग एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-03
पश्चिम जिला
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11754/OD/2025


# सोना 900 रुपये उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब और चांदी स्थिर

- सोना बढ़कर 1,06,970 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब 1,06,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत



1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा 16-17 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प चुनने की संभावना के बीच तेजी को गति मिल रही है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 900 रुपये बढ़कर 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सराफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद

- सेंसेक्स के निचले व ऊपरी स्तर में 715 अंक का फासला रहा
- तेल, गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज

एजेंसी ⏭ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को मामूली बदलाव के साथ लगभग स्थिर बंद हुए। इस दौरान तेल एवं गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में गिरावट देखी गई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयरों में बढ़त जबकि 16 शेयरों में गिरावट रही।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला लेकिन जल्द ही यह नुकसान में चला गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर था, लेकिन उसके बार सुधार आने से गिरावट की भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के निचले और ऊपरी स्तर के बीच 715.37 अंक का फासला रहा। दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 6.70 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741 अंक पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववािदों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


### पहली बार पांच टुकड़ों में बंटने जा रहा अदाणी पावर का स्टॉक

**नई दिल्ली।** अदाणी पावर को एक अगस्त 2025 को जारी डाक मतपत्र नोटिस के जरिये 1:5 अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित माना गया है। नोटिस के अनुसार 10 रुपये मूल्य के प्रत्येक शेयर को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच पूर्ण चुकता शेयर में विभाजित किया जाएगा, जो सभी दृष्टियों से समान होंगे। मतदान छह अगस्त सुबह नौ बजे से चार सितंबर को शाम पांच बजे तक चला। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने एक अगस्त 2025 को अपनी बैठक में खुदरा और छोटे निवेशकों की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए शेयर विभाजन को मंजूरी दी थी। अदाणी पावर ने बताया कि शेयर के उप-विभाजन/विभाजन के कारण कंपनी की अधिकृत, जारी, अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं होगा।


**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, Smt. Renu Sharma W/o Sh. Ashwani Sharma (Late), R/o House No. EA-340 Gate No. 9, Maya Enclave, Ghanta Ghar, Hari Nagar, New Delhi do hereby severe all my relationship and ties with my son Mr. Nishant Sharma & his family members including but not limited to his wife, Mrs. Punam with immediate effect. I have, with immediate effect, disowned all of them and their respective legal heirs, if any, from all my assets (both movable and immovable) owned and/or possessed by me.
I shall not be held responsible or liable for any consequences arising out of any give and take acts, deeds transactions and things done by Mr. Nishant Sharma and/or his family members, as mentioned above, (jointly or severally), both, in present or in future. Anybody dealing with Mr. Nishant Sharma and/or his family members shall be doing so at his or her own risks, perils, costs, expenses and consequences. EA-340 Gate No. 9, Maya Enclave, Ghanta Ghar, Hari Nagar, New Delhi - 110064.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज पुत्र राम किशोर पता: पी–6/14, मंगोलपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 26/2022 धारा 399/411 भा.दस. के तहत** थाना: राज पार्क, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 26/2022 धारा 399/411 भा.द.स. के तहत थाना राज पार्क, दिल्ली के उक्त सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ईब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**उतर–पश्चिम कोर्ट नं 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/11781/OD/2025


## शब्द पहेली - 5980




■ मंगल तैणवा, बैतोर

**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5979 का हल





# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

---

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। उनकी इस शानदार पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे अहमद ने इसके बाद यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई


**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने



वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी। अर्जेंटीना की टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में शीर्ष पर है, जिसने वेनेजुएला को 3-0 से हराया । इस जीत में लियोनेल मेस्सी ने दो गोल दागे। ब्राजील ने चिली को 3-0 से हराया और वह दूसरे स्थान पर है।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे। झिंगन को एक



सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी। भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने कहा, 'झिंगन गोवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी रिकवरी पर करीबी निगाह रखी जा रही है।

---

### खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें



## अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

## अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

---

### टेलर ने बदला संन्यास फैसला अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट



खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।

# महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, सोफी की एक साल बाद वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुवाई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी।

### 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट



### डार्सी और जॉर्जिया टीम में शामिल

वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी। इस टीम में एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्रा और एशले गार्डनर जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

## 27 साल बाद जीती सीरीज



एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

---

### तीन साल में 400 करोड़ की कमाई का अनुमान, 16 सितंबर से होगी बोली

# बीसीसीआई ने बढ़ाई जर्सी स्पॉन्सरशिप की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए नए सिरे से मूल्यांकन तय किया है। यह नया बेस प्राइस पूर्व प्रायोजक ड्रीम 11 की ओर से दी जा रही रकम से अधिक है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैचों के लिए नया रिजर्व प्राइस 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट (आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं) के लिए 1.5 करोड़ रुपए रखा है।




### बोली 16 सितंबर को

इस बोली प्रक्रिया की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। इसका मतलब है कि एशिया कप (9 सितंबर से शुरू) से पहले नया स्पॉन्सर जुड़ना संभव नहीं होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि किसी अंतरिम व्यवस्था की संभावना बेहद कम है।

### 130 मैच खेले जाने का अनुमान

बीसीसीआई अगले तीन साल के लिए स्पॉन्सरशिप तलाश रहा है। इस दौरान लगभग 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने का अनुमान है, जिनमें 2026 का टी20 वर्ल्ड कप और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। नए बेस प्राइस के आधार पर बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो सकती है।

### द्विपक्षीयमें 10 और बहुपक्षीय मैचों में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मौजूदा समय में द्विपक्षीय मुकाबलों का मूल्य 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों का 1.12 करोड़ रुपए है। यानी बीसीसीआई ने नई दरों के साथ द्विपक्षीय मुकाबलों में लगभग 10 प्रतिशत और बहुपक्षीय मैचों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, द्विपक्षीय मैचों में प्रायोजकों को अधिक दृश्यता मिलती है, क्योंकि ब्रांड का नाम खिलाड़ियों की जर्सी के सामने (सीने) पर प्रमुखता से दिखता है। आईसीसी और एसीसी आयोजनों के दौरान ब्रांड का उल्लेख केवल बाजू (स्लीव्स) तक सीमित रहता है, जिससे वहां दृश्यता अपेक्षाकृत कम हो जाती है।

### गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स नहीं लगा पाएंगे बोली

*बीसीसीआई ने 2 सितंबर को भारतीय टीम के लीड स्पॉन्सर राइट्स के लिए अभिरुचि पत्र जारी किया। इसमें साफ कहा गया है कि गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स बोली नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा स्पोर्ट्सवियर, बैंकिंग, वित्तीय कंपनियां, शीतल पेय, घरेलू उपकरण (फैन, मिक्सर-ग्राइंडर, लॉक्स) और बीमा कंपनियां भी प्रतिबंधित रहेंगी, क्योंकि ये मौजूदा प्रायोजकों से टकरा सकते हैं। बता दें, ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद नए स्पॉन्सर की जरूरत पड़ी। हाल ही में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेशन) अधिनियम, 2025 लागू किया है, जिसके तहत असली पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इसी कानून के प्रभाव में ड्रीम11 ने अपना करार समाप्त किया।*

राष्ट्रपति ट्रंप पर जमकर बरसे पूर्व अमेरिकी एनएसए बोल्टन, कहा

# दोनों देशों के 'संबंध' खत्म, अब ठीक करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया को दिए साक्षात्कार में बोल्टन ने ट्रंप की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए हैं।

चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया। उन्होंने कहा कि इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

चीन ने खुद को ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया

राष्ट्रपति ट्रंप ने दशकों पुराने संबंधों को पीछे धकेल दिया

## ट्रंप की दोस्ती अन्य नेताओं के लिए सबक




बोल्टन ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर जैसे सभी नेताओं के लिए एक सबक है, कि ट्रंप के साथ अच्छी दोस्ती कभी-कभी मदद कर सकती है, लेकिन यह आपको बुरे हालात से नहीं बचाएगा। बोल्टन की ये चेतावनी ट्रंप की ब्रिटेन यात्रा से पहले आई है। ट्रंप 17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेंगे।

### भारत पर 50% टैरिफ अमेरिका की 'भारी भूल'

इससे पहले बोल्टन ने कहा था कि भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया था। उन्होंने कहा था कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है।

### दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती'

बोल्टन ने कहा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और दूसरे शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती है। 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है।

### बोल्टन ट्रंप की नीतियों के आलोचक रहे हैं

*बोल्टन ट्रंप के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वे पिछले कुछ महीनों से ट्रंप की नीतियों की लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिकी सरकार व्यापार और सुरक्षा के मुद्दों को अलग-अलग तरीके से देख रही है, जबकि भारत जैसे देशों के लिए दोनों चीजें जुड़ी हुई हैं।*

*अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी कि यह टैरिफ भारत-अमेरिका संबंधों को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत हमेशा अमेरिका को शक की निगाह से देखेगा और कभी भी इन टैरिफ को नहीं भूलेगा।*

### अमेरिका और भारत के संबंध को दोनों ही दलों को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन का समर्थन मिला है

*इससे पहले एक और अन्य पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन और पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट एम. कैंपबेल ने एक लेख में लिखा कि अमेरिका और भारत के संबंध को दोनों ही दलों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) का समर्थन मिला है। इन संबंधों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मनमानी को भी रोका है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साझेदारों को भारत को यह समझाने की कोशिश करनी चाहिए कि ट्रंप का व्यवहार अक्सर किसी समझौते की शुरुआत का संकेत होता है।*

## खबर संक्षेप

### अनुतिन होंगे थाईलैंड के नए पीएम

**बैंकॉक।** थाईलैंड में शुक्रवार को नया पीएम चुनने के लिए संसद में मतदान किया गया, जिसमें



भूमजैथाई पार्टी के अनुभवी राजनेता अनुतिन चार्नवीराकुल जीत हासिल की है। उन्होंने 492 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में से 247 से ज्यादा वोट हासिल किए। फ्यू थाई पार्टी की पिछली दो महिला पीएम नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों में हटाई जा चुकी थीं। उन्हें और उनकी सरकार को कुछ दिनों में राजा महा वजिरालोंगकोर्न से औपचारिक नियुक्ति मिलने के बाद पदभार ग्रहण करना होगा।

### श्रीलंका में खाई में गिरी बस, 15 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत के बादुल्ला जिले में बस दुर्घटना में 9 महिलाओं समेत 15 लोग की मौत



हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 30 से ज्यादा लोगों का एक समूह यात्रा पर निकला था। बस की टक्कर एक जीप से हुई, जिसके बाद वह सड़क के किनारे रेलिंग से टकराकर 1000 फीट गहरी खाई में जा गिरी। सभी मृतक टांगले अर्बन काउंसिल के कर्मचारी थे। कई घायलों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें बडुल्ला टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### चोटी पर फंसे कोरियाई दंपती को सेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** लद्दाख की 17,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाली बर्फीली चोटी पर फंसे दो कोरियाई



दंपती को भारतीय सेना ने बचा लिया है। यह अभियान भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर की आर्मी एविएशन यूनिट ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। फिलहाल, दोनों अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। सेना के इस मिशन के तहत दक्षिण कोरिया के नागरिक ह्यून वू किम और उनकी पत्नी को सुरक्षित निकाला गया। विदेशी दंपति लद्दाख स्थित कोंगमारुला दर्रे में फंसे हुए थे।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की भूटान पीएम तोबगे से मुलाकात

# आपसी साझेदारी को मजबूत करने पर जताई 'प्रतिबद्धता'

जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं

जयशंकर ने कहा कि भारत और भूटान ने आपसी साझेदारी को निरंतर मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार शाम को भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि आज शाम भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से मिलकर प्रसन्नता हुई। पीएम नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने आगे लिखा कि हमारी अनूठी और समय-परीक्षित साझेदारी निरंतर मज़बूत होती जा रही है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि भारत और भूटान ने आपसी साझेदारी को निरंतर मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

बता दें, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे बुधवार से तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। 6 सितंबर तक की अपनी इस यात्रा में तोबगे अपनी पत्नी ओम ताशी डोमा के साथ अयोध्या और गयाजी भी गए। इससे पहले तोबगे ने 20-21 फरवरी तक भारत का आधिकारिक दौरा किया था। इस दौरान वे 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' के पहले लीडरशिप सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसमें तोबगे ने पीएम मोदी को 'बड़े भाई' और 'गुरु' के रूप में संबोधित करते हुए मोदी से मार्गदर्शन मांगा ताकि वे भूटान में सार्वजनिक सेवा को बदलने में मदद कर सकें। तोबगे ने हिंदी का भी उपयोग, जिसकी दर्शकों ने सराहना की थी।

## बिहार के राजगीर में मंदिर का किया उद्घाटन

**राजगीर।** भूटान के पीएम ने बिहार के राजगीर में नव-निर्मित भूटान मॉनेस्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू और बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मुख्य द्वार पर भारत का तिरंगा, भूटान का राष्ट्रीय ध्वज और बौद्ध धर्म का झंडा एक साथ फहराया गया, जो दोनों देशों की गहरी मित्रता और साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना। कार्यक्रम में भूटान के मुख्य भिक्षु जे खेम्पो, भारत में भूटान के राजदूत सुधाकर दलेला समेत बड़ी संख्या में भूटानी और भारतीय बौद्ध धर्मावलंबी शामिल हुए।



## अयोध्या पहुंचे भूटान के पीएम, किया रामलला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** भगवान राम की आभा से अभिभूत भूटान के पीएम दासो शेरिंग तोबगे अयोध्या पहुंचे। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। भूटान के पीएम ने राम लला का दर्शन पूजन के साथ श्रीराम मंदिर निर्माण का अवलोकन भी किया। तोबगे करीब एक घंटे 40 मिनट तक राम मंदिर परिसर में रहे। यहां से होटल रामायण के लिए प्रस्थान किया। होटल रामायण में उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ दोपहर के भोजन का भी प्रबंध था। भूटान के पीएम सुबह 10 बजे राम मंदिर पहुंचे। उन्होंने रामलला और राम दरबार के दर्शन के साथ ही कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडपम के मंदिरों में भी दर्शन



पूजन किया। उन्होंने लोअर प्लिंथ के चारों ओर लगने वाले म्यूरल के साथ परकोटा की दीवार पर लगने वाले ब्रांज के म्यूरल को भी निहारा।

## यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश बोले

# यूक्रेन संघर्ष : बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

हरीश ने महासभा को बताया कि हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक का समर्थन किया। हम अलास्का शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। भारत शांति के घटनाक्रमों का स्वागत करता है।

### शांति की संभावनों को बढ़ावा दें



भारत संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत शांति की संभावनाओं को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि दक्षिण के देशों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और यह जरूरी है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी जायज चिंताओं का उचित समाधान किया जाए।

### राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार

उन्होंने कहा कि हमारे दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का उचित समाधान किया जाए। यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित बना हुआ है, जो यूक्रेन को मानवीय सहायता और ग्लोबल साउथ में हमारे मित्रों और साझेदारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रहा है, जिसमें हमारे कुछ पड़ोसी देश भी शामिल हैं, जो आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अंत में अध्यक्ष महोदय, यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत सभी के हित में है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर कहा है, 'यह युद्ध का युग नहीं है।

### यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

*यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की 4 सितंबर को पेरिस पहुंचे। वो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ समिट में शामिल हुए। 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। कुछ देश यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देंगे और हथियारों की आपूर्ति भी करेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा।*

## बस्तर और दंतेवाड़ा में सर्च ऑपरेशन

# सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए, गोलाबारी अभी भी जारी

एजेंसी ▶▶ बस्तर

बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। सुबह से ही नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी



चल रही है। जिसके बाद नारायणपुर, दंतेवाड़ा से डीआरजी के जवानों को ऑपरेशन पर रवाना किया गया था। सुबह करीब 9 बजे जवानों का नक्सलियों से सामना हुआ, जिसके बाद से लगातार दोनों तरफ से गोलीबारी चल रही है। संभावना जताई जा रही है कि छह नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम नालाझार में जंगल में मुठभेड़ में हथियार बरामद हुए थे।

## तेजस विमान के उत्पादन में आई तेजी

# निजी कंपनी ने विमान का ढांचा सौंपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में जल्द ही हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके1ए तेजस शामिल करने की तैयारी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने जानकारी दी है कि एलसीए एमके1ए कार्यक्रम के लिए दूसरा सेंटर फ्यूसीलेज असेम्बली (विमाना का ढांचा) को भारतीय निजी उद्योग मेसर्स वीईएम टेक्नोलॉजीज द्वारा एचएएल को सौंप दिया गया। यह विमान का सबसे अहम पार्ट होता है। कंपनी के सीएमडी डॉ. डीके सुनील ने कहा कि हम एलसीए एमके 1ए कार्यक्रम के समर्थन में भारतीय निजी क्षेत्र के विकास से खुश हैं। हम उत्पादन बढ़ाने और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम अक्टूबर में पहले दो विमान देने के लिए तैयार है।



### 26/11 के पीड़ितों को समर्पित की रंगोली...

**मुंबई।** ओणम उत्सव के अवसर पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को समर्पित एक रंगोली बनाई गई।

## मुंबई पुलिस को बम विस्फोट की मिली धमकी

# डराया- 14 पाक आतंकी घुसे, 34 गाड़ियों में 400 किलो आरडीएक्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 34 गाड़ियों में बम लगाए जाने की धमकी मिली है। ये धमकी व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से मिली है, जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा यह मैसेज मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर भेजा गया, जिसमें दावा किया गया कि 34 गाड़ियों में बम लगाए गए हैं और 400 किलो आरडीएक्स के विस्फोट से पूरा मुंबई शहर हिल जाएगा।

### पुलिस ने जांच शुरू की



इस मैसेज में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं और इस विस्फोट से 1 करोड़ लोगों की जान जा सकती है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी है।

### जनता घबराए नहीं, स्थिति नियंत्रण में

*एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस व्हाट्सएप नंबर से यह मैसेज भेजा गया, उसे ट्रेस करने का काम शुरू कर दिया गया है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस हमेशा अलर्ट पर रहती है और हमारी नजर हर चीज पर है। जनता को घबराने की जरूरत नहीं है, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सब कुछ शांत है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109